

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

समाज जागरण NEWS

वर्ष: 01 अंक: 292 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 30 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

## बीजेपी कार्यकारणी बैठक से पहले जेडीयू का महत्वपूर्ण बैठक

समाज जागरण बिहार हेड(आर.के.पांडेय की रिपोर्ट)




पटना:भाजपा के सातों मोर्चों की संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी बैठक 30 जुलाई से पटना में होने वाली है।भाजपा की बैठक के एक दिन पूर्व शुक्रवार को जदयू ने सभी प्रवक्ताओं की एक बैठक पटना में हुई. जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार सहित अरविंद निषाद, अभिषेक झा, निखिल मंडल आदि कई प्रवक्ता बैठक में शामिल रहे. सूत्रों के अनुसार प्रवक्ताओं की इस बैठक का मुख्य मकसद भाजपा की संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी बैठक को लेकर चर्चा करनी थी।

दरअसल, भाजपा ने संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी बैठक को लेकर बड़ी तैयारी की है। पटना में 30 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रोड शो करेंगे. वहीं गृह मंत्री अमित शाह 31 जुलाई को बैठक को संबोधित करेंगे।कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने पूरे पटना को पार्टी के झंडों, बैनरों और तोरण द्वार से पाट दिया है।एक प्रकार से भाजपा की इस बैठक को लेकर जिस प्रकार की तैयारी की गई है वह आने वाले समय के लिए पार्टी की चुनावी तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है।

ऐसे में भाजपा का यह दो दिवसीय कार्यक्रम एक प्रकार से पार्टी का शक्ति प्रदर्शन भी है. इसे एक प्रकार से जहाँ विपक्षी दलों को भाजपा की चुनौती के रूप में देखा जा रहा है तो दूसरी और यह एनडीए के घटक दलों को भाजपा की बढती शक्ति का एहसास कराना माना जा रहा है. वहीं शुक्रवार को जदयू प्रवक्ताओं की बैठक को लेकर कहा जा रहा है कि इसमें भाजपा को लेकर आने वाले वक्त में किस प्रकार से रणनीति बनाया जाए और कैसे भारतीय जनता पार्टी के जवाब दिया जाए उससे संबंधित चर्चा हुई।वहीं भाजपा के देश के अलग अलग राज्यों से आए नेता बिहार के 200 विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर रहे हैं. इस पर जदयू ने कहा है कि भाजपा नेताओं को प्रवास करना है तो करे. नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में 17 सालों में जो विकास का काम हुआ है भाजपा के देश भर से आए नेता उसे देख सकते हैं. भाजपा नेताओं का 200 सीटों पर प्रवास करना कोई बड़ी बात नहीं है।

# दिल्ली के LG ने दिया एक और आदेश, परिवहन विभाग में होगी करप्शन की जांच

**दिल्ली के बुराड़ी परिवहन प्राधिकरण में दलालों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच सांठगांठ और भ्रष्टाचार की बातें सामने आ रही थीं. इसको देखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एसीबी को जांच के आदेश दिए हैं.**

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भ्रष्टाचार रोधी शाखा को निर्देश दिया है कि बुराड़ी परिवहन प्राधिकरण में दलालों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच साठगांठ और भ्रष्टाचार की समयबद्ध तरीके से जांच की जाए, जिसके कारण ऑटो रिक्शा चालक प्रभावित हो रहे हैं. सूत्रों ने यह जानकारी दी.

### हाईकोर्ट का था आदेश

राष्ट्रीय राजधानी की कई ऑटो रिक्शा चालक यूनियन की ओर से आपराधिक रिट याचिका दायर की गई थी, जिस पर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के मद्देनजर यह निर्देश दिया गया है.

### बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप

याचिका में सड़क परिवहन कार्यालय में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और ऑटो रिक्शा चालकों के उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था. उपराज्यपाल ने एक महीने में जांच पूरी कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है.



### सतर्कता निदेशालय ने की थी पड़ताल

सूत्रों ने कहा कि सतर्कता निदेशालय ने मामले की पड़ताल की थी और पाया कि याचिकाकताओं ने आरटीओ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और ऑटो रिक्शा चालकों को प्रभावित करने वाले कृत्यों के बारे में गंभीर आरोप लगाए थे. उन्होंने कहा कि आरोप है कि मोटर लाइसेंस अधिकारी और सड़क परिवहन कार्यालय की साठगांठ से परमिट दिए जा रहे थे.

## नए डीएम ने आज प्रेस कान्फ्रेस कर पत्रकारों को जिले के विकास बताई।

समाज जागरण नवादा ब्यूरो
(धर्म जीत सिन्हा)



नवादाः- उदिता सिंह जिला पदाधिकारी, नवादा ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जिले के इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के सम्मानित प्रतिनिधियों से जिले के विकास के संबंध में फिडबैक प्राप्त किये। उन्होंने सर्वप्रथम जिले के उत्तरोत्तर विकास के लिए पत्रकारों से महत्वपूर्ण फिडबैक प्राप्त किये। रमेश कुमार पत्रकार ने कहा कि जिले में घरेलू गैस के निर्धारित की कीमत से 15 से 70 रुपए की अधिक वसूली की जा रही है। उन्होंने इसकी आवश्यक जॉच करवाने के आग्रह किये।

कई पत्रकारों ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र की दोनों मुख्य सड़क को छोड़कर अन्य सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब है। 03 नम्बर बस स्टैंड को बाउन्ड्री कर गाड़ियों का प्रवेश द्वार और निकास द्वार बनाने के लिए मांग किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में यूरिया उर्वरक की अभी कोई कमी नहीं है। अभी 03 हजार एमटी यूरिया गोदामों में है। अभी जिले में 03 प्रतिसत ही धान का आच्छादन हुआ है, लेकिन वर्षा होने से धान रोपने की प्रक्रिया में काफी प्रगति हो रही है ।प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को अधिकारियों के द्वारा विभिन्न पंचायतों में चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जॉच करायी जा रही है जिसका फिडबैक काफी अच्छा रहा है।

जिलाधिकारी ने आगामी मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे की वातावरण में मनाने के लिए फिडबैक प्राप्त किये। पत्रकारों ने कहा कि धमौल थाना आदि क्षेत्र में विशेष निगरानी कराने के लिए पत्रकारों के द्वारा कहा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि रामनवमी जुलूस के तरह ही मुहर्रम जुलूस को नियंत्रण, समन्वय और निगरानी की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में साक्षरता दर को बृद्धि करने के लिए लागातार प्रयास किया जा रहा है। महिला साक्षरता की स्थिति काफी दयनीय है। जिसके अभाव में महिला जनप्रतिनिधि भी अपनी आवाज को बैठक में ठीक ढ़ंग से रख नहीं पाते हैं। शत प्रतिशत महिलाओं को साक्षर करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। एक महिला के साक्षर होने से पूरा परिवार साक्षर हो जाता है। साक्षर महिलाएं अपना अधिकार और कर्त्तव्य को भलिभांती समझ पाती है। सदर अस्पताल में पेय जल की समस्या के लिए पत्रकारों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया।

आज इस महत्वपूर्ण बैठक में सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## उत्तर प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की सेहत सुधारेगी राज्य सरकार

दैनिक समाज जागरण




हरदोई।उत्तर प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की सेहत सुधारने के लिए राज्य सरकार शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगी। इन विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द के अनुसार आई०आई०टी0, गाँधीनगर, गुजरात के साथ बालिकाओं को रोचक तरीके से विज्ञान सीखने तथा अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए क्यूरीयोसिटी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत आईआईटी, गाँधीनगर, गुजरात द्वारा 100 वीडियोज के माध्यम से, बालिकाओं के लिए ऑनलाइन सत्र संचालन एवं विज्ञान के शिक्षकों के क्षमता संवर्द्धन के लिए कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द ने निर्देशित किया कि इस कार्यक्रम के नोडल के रूप में राज्य विज्ञान संस्थान की प्रवक्ता मंजुसा गुप्ता आई०आई०टी० गाँधीनगर से बातचीत कर उन्मुखीकरण के लिए तिथि एवं समय सुनिश्चित कर जुलाई के अन्तिम सप्ताह तक संचालित करवायें।

बताया कि क्यूरीयोसिटी कार्यक्रम के विस्तार के लिए उत्तर प्रदेश से 50 विज्ञान विषय के उत्कृष्ट शिक्षकों को चयनित कर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में आईआईटी गांधीनगर गुजरात में प्रशिक्षित कराया जायेगा।

उन्होंने राज्य विज्ञान संस्थान, प्रयागराज से कहा कि उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर्स के चयन के लिए चयन के मानक एवं स्क्रीनिंग प्रक्रिया का निर्धारण करते हुये जनपदों से शिक्षकों का विवरण प्राप्त करें। इसके बाद विशेषज्ञों के समूह के माध्यम से प्राप्त विवरण में से उत्कृष्ट 50 शिक्षकों का माह अगस्त के प्रथम सप्ताह तक चयन करें।

## असम करीमगंज जिले के पाटियाला ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना उपलब्ध कराने में अनियमितता।

## *शिकायतकर्ता में दहशत व्याप्त है।*

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः स्वच्छ भारत बनाने के उद्देश्य से वर्तमान सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को आवास, पेयजल, खाद्य उत्पादन, बिजली, समस्या समाधान उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। लेकिन कुछ बेईमान व्यक्तियों के कारण वास्तविक लाभार्थी सरकारी लाभों से वंचित हैं। ऐसी शिकायत पाटियाला ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 9 निवासी इंताज उद्दीन ने की है. अभियुग ने बताया कि चेरगी ग्राम पंचायत निवासी आबुल हुसैन अस्थायी रूप से दुल्लभछड़ा प्रखंड विकास अंतर्गत पाटियाला ग्राम पंचायत में रह रहा था. उनका नाम भी वोटर लिस्ट में नहीं है। हालांकि उनके घर की जियोटेक के बाद सोसायटी द्वारा स्थापित दूसरे व्यक्ति रफीजुल आली (काला) जिनकी आईडी नंबर 2828271 पर उनके खाते में आवंटित राशि की पहली किस्त का भुगतान कर प्रधानमंत्री अबास योजना का काम जारी रखने का आरोप लगाया गया है. उन्होंने यह भी बताया कि वह ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 9 के रहने वाले हैं. इंताज उद्दीन ने बताया कि वार्ड नंबर 8 बाहार उद्दीन और रफीजुल आली (काला) के सदस्य उन्हें जान से मारने की धमकी देकर प्रशासनिक तरीकों से फंसाने की योजना बना रहे हैं. इसलिए स्थानीय निवासियों की ओर से विधायक विजय मालाकार ने विभागीय अधिकारी के साथ जमीन पर जांच के माध्यम से निर्धारित व्यवस्था की गुहार लगाई है. ताकि वास्तविक लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित न रहे।



## जहानाबाद डीएम ने जनता दरबार में 135 फरियादियों की सुनी फरियाद।

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार



जहानाबाद जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना। साथ ही डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया। जिलाधिकारी के जनता दरबार मे लगभग 135 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, आपदा प्रबंधन शाखा, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस, जिला आपूर्ति शाखा एवं अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने परिवादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के परिवादों में मुख्यतः दूसरे किस्त के भुगतान से संबंधित मामले जिला पदाधिकारी के समक्ष आए जिसके लिए उप विकास आयुक्त एवं निदेशक डीआरडीए को अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।भूमि संबंधित मामलों के लिए अपर समाहर्ता,भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारियों को विशेष रूप से ध्यान देने का निदेश दिया गया। भू-अर्जन के मामलों में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को नियमानुसार आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई करने का निदेश दिया।

## पति ने की गला काट कर पत्नी की हत्या,आरोपी पति ने थाने में किया सरेंडर

दैनिक समाज जागरण बहजोई/संभल ।थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव लहरा कमंगर में एक ग्रामीण ने अपनी पत्नी से कहा सुनी होने पर उसकी गहत्या की घटना को अंजाम दिया है और खुद ही आरोपी पति थाने में जाकर सरेंडर कर दिया,हत्या की सूचना पर आनन फानन में पुलिस घटना स्थल पर पहुंची गई और शव कब्जे में ।लिया ।



थाना हयातनगर के गांव दतावली रोड निवासी जरीफ ने अपनी पुत्री साहिबा की शादी 13 जून 2021 को गांव लहरा कमंगर निवासी सलमान के साथ काफी दान दहेज देकर की थी ।लेकिन इतना सब कुछ दहेज में मिलने के बाबजूद भी ससुराल वाले खुश नहीं थे। और आए दिन साहिबा के साथ पति और उसके घर वाले मारपीट करते थे जिस्की एक बार पुलिस में भी शिकायत की गई थी लेकिन पुलिस ने सलमान को शांति भंग की कार्यवाही कर भी भेज दिया था । देर रात्रि साहिबा की पति से कुछ कहा सुनी होने पर पति सलमान ने धार दार हाथियार से गला काट कर हत्या कर दी और थाना में जाकर पुलिस की शरण में सरेंडर कर दिया । हत्या की सूचना पर महिला के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस भी आनन फानन में मौके पर पहुंच गई । पुलिस ने शव को कब्जे में कर पीएम को भेज दिया ।पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर पति और घर वालों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है आगे की जांच में जुटी है ।

उधर महिला के पिता ने बताया की काफी दान दहेज देकर शादी की थी लेकिन सलमान दस लाख रुपए और एक बुलट मोटर साइकिल आदि की मांग करता था जिससे आए दिन मारपीट भी करता था और रात्रि में साहिबा की सलमान और उसके घर वालों ने मिलकर हत्या कर दी । पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी पति सलमान को जेल भेज दिया है और हत्या में शामिल घर वालों की तलाश में जुटी है।

## थाना अध्यक्ष ने ताजियेदारों के साथ की बैठक

### *शांति पूर्वक त्योंहार मनाए, नई परंपरा डालने वालों पर होगी कार्रवाई:- राजेश सोलंकी थाना अध्यक्ष*

**दैनिक समाज जागरण संभल।**

हयातनगर , थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक डॉ चक्रेश मिश्र के निर्देश अनुसार थाना अध्यक्ष राजेश सोलंकी ने शुक्रवार दोपहर में आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर ताजिएदारो एवं मौलवियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।



जिसमें बताया गया कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें एवं मोहर्रम पर कोई भी नई परंपरा ना डालें शांति पूर्वक अपना त्यौहार मनाए। इस मौके पर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के साथ साथ मस्जिदों के मौलवी तथा संभ्रांत व्यक्ति अकरम प्रधान, मुकर्रम खां मेम्बर सफात मेहदी हसन जब्बार शाहनवाज अरसद अली राशिद अली दानिश असलम मकबूल आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शातिर चीटर को गिरफ्तार किया



(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने एक शातिर चीटर को गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान जीशान खान के रूप में हुई है।उसने शाहीन बाग के अबुल फजल एन्क्लेव स्थित एक 300 वर्ग गज प्लॉट को एक अन्य व्यक्ति को बेच दिया लेकिन इस विवादित जमीन पर पहले से केस दर्ज था।जब चीटर देश छोड़ दुबई भागने की तैयारी कर ही रहा था कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि कदीर अहमद नामक युवक ने 2019 में पुलिस में शिकायत दी थी।इसमें बताया था कि जनवरी 2016 में आरोपी जीशान जमा खान ने, उससे संपर्क किया था कि शाहीन बाग के अबुल फजल एन्क्लेव में स्थित एक 300 वर्ग गज के प्लॉट को बेचने के लिए अधिकृत है। उसने आश्वासन दिया कि प्लॉट सभी प्रकार के टैक्स से मुक्त है। प्लॉट के बावत 4.20 करोड़ में फरवरी 2016 में दोनों के बीच अग्रिम रसीद सह समझौता हुआ था। इसमें एडवांस में 2.25 करोड़ का भुगतान भी किया था। समझौते में तीन साल में संपत्ति का कब्जा सौंपने और कब्जा के निर्धारित तिथि से तीन माह पहले शेष रकम देनी थी।इसमें यह भी शर्त थी कि अगर फरवरी 2019 से पहले प्रक्रिया पूरी नहीं होती तो आरोपी को दिए हुए रुपये दोगुना वापस करने थे थें। लेकिन तीन साल बाद भी आरोपी ने समझौते के किसी भी शर्त को पूरी नहीं की। अंततः पीड़ित ने अगस्त 2019 में एफआईआर दर्ज कराई।जब आरोपी को पीड़ित द्वारा एफआईआर दर्ज कराये जाने की सूचना मिली तो वह पुलिस के पास एक फर्जी पत्र लेकर पहुंच गया।जिसमें उसके द्वारा किये गए दोनों के बीच शिकायत को लेकर समझौता हो गया है, पर जब पुलिस ने उसके उस दावे की जांच की तो पीड़ित ने ऐसे किसी पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने से इनकार कर दिया।पुलिस ने जब पत्र की एफएसएल जांच कराई तो वह फर्जी निकला।जांच में पता चला कि आरोपी ने उक्त संपत्ति पर दिल्ली हाईकोर्ट में मुकदमा चल रहे होने की भी बात छुपाई थी।पुलिस के सामने फजीर्वाड़े की पोल खुलते ही आरोपी दुबई भागने की तैयारी में था। उधर जांच कर रही ईओडब्ल्यू पुलिस टीम को इसकी जानकारी मिलते ही आरोपी को इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

## हरियाली महोत्सव पर कन्या शिक्षा परिसर में किया गया वृक्षारोपण आयुष मंत्री कावरे एवं आयोग अध्यक्ष बिसेन ने लगाये पौधे

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट ।हरियाली महोत्सव के अंतर्गत कन्या छात्रावास परिसर गोंगलई बालाघाट में मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में कन्यां शिक्षा परिसर में 200 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बालाघाट वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक नरेंद्र सनोडिया, वन मंडलाधिकारी अभिनव पल्लव, ग्रजेश वरकड़े, ट्रेनी डीएफओ नित्यानंद, उप वनमंडलाधिकारी अमित कुमार पटौदी, कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य पी के अंगूरे, राजेश गोमासे, सतीष लिल्हारे, छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

आयुष मंत्री कावरे ने इस अवसर पर कहा कि अमृत महोत्सव के रूप में देश में नई भावना के साथ अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी मे भी वृक्षारोपण कार्य भी जुड़ा हुआ है । वृक्षारोपण संदेश देने के लिए प्रचार प्रसार व जागरूकता की आवश्यकता है। मैं अपने जन्मदिन एवं शुभ कार्यों पर एक पौधा जरूर लगाने का काम करूंगा। सभी लोग इस अभियान में सहभागिता निभाएं वाले समय में हम लोगों को एक अच्छा संदेश दे सके इसके लिए हमें वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है। साथ ही समय-समय पर इसकी देखरेख और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी लें। मंत्री श्री कावरे ने वन विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की वन विभाग अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिए त्वरित कार्यवाही करे।



पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक गौरीशंकर बिसेन ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में 28 जुलाई को हरियाली महोत्सव के साथ ही पौधारोपण का अंकुर अभियान प्रारंभ किया गया है। हम सभी लोग इस अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपनी धरती को बंजर होने से बचाने का काम करें। पेड़ पौधे मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं, उनकी रक्षा करने की जरूरत है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ ही उनकी सुरक्षा एवं उन्हें सुरक्षित बड़ा करने का संकल्प लिया गया । इस अवसर पर बताया गया कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर पौधे लगाने की जरूरत है। पेड़ पौधों से ही हमें शुद्ध आक्सीजन मिलती है और हमारा वातावरण साफ-सुथरा रहता है। पेड़ पौधे वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को रोकने में भी मददगार होते है।

# साधना पथ (भाग 211)


देव मणि शुक्ल

साधकों प्राचीनकाल में गोदावरी नदी के किनारे वेदधर्म मुनि के आश्रम में उनके शिष्य वेद-शास्त्रादि का अध्ययन करते थे। एक दिन गुरु ने अपने शिष्यों की गुरुभक्ति की परीक्षा लेने का विचार किया।




सत्शिष्यों में गुरु के प्रति इतनी अटूट श्रद्धा होती है कि उस श्रद्धा को नापने के लिए गुरुओं को कभी-कभी योगबल का भी उपयोग करना पड़ता है।

वेदधर्म मुनि ने शिष्यों से कहाः "हे शिष्यो ! अब प्रारब्धवश मुझे कोढ़ निकलेगा, मैं अंधा हो जाऊँगा इसलिए काशी में जाकर रहूँगा। है कोई हरि का लाल, जो मेरे साथ रहकर सेवा करने के लिए तैयार हो ?"

शिष्य पहले तो कहा करते थेः ङ्गगुरुदेव ! आपके चरणों में हमारा जीवन न्योछावर हो जाय मेरे प्रभु !ङ्गअब सब चुप हो गये।

उनमें संदीपक नाम का शिष्य खूब गुरु सेवापरायण, गुरुभक्त था। उसने कहाः "गुरुदेव ! यह दास आपकी सेवा में रहेगा।" गुरुदेवः "इक्कीस वर्ष तक सेवा के लिए रहना होगा।"संदीपकः "इक्कीस वर्ष तो क्या मेरा पूरा जीवन ही अर्पित है। गुरुसेवा में ही इस जीवन की सार्थकता है।"

वेदधर्म मुनि एवं संदीपक काशी में मणिकर्णिका घाट से कुछ दूर रहने लगे।कुछ दिन बाद गुरु के पूरे शरीर में कोढ़ निकला और अंधत्व भी आ गया। शरीर कुरूप और स्वभाव चिड़चिड़ा हो गया।

संदीपक के मन में लेशमात्र भी क्षोभ नहीं हुआ। वह दिन रात गुरु जी की सेवा में तत्पर रहने लगा। वह कोढ़ के घावों को धोता, साफ, करता, दवाई लगाता, गुरु को नहलाता, कपड़े धोता, आँगन बुहारता, भिक्षा माँगकर लाता और गुरुजी को भोजन कराता।गुरुजी गाली देते, डाँटते, तमाचा मार देते, डंडे से मारपीट करते और विविध प्रकार से परीक्षा लेते किंतु संदीपक की गुरुसेवा में तत्परता व गुरु के प्रति भक्तिभाव अधिकाधिक गहरा और प्रगाढ़ होता गया।

काशी के अधिष्ठाता देव भगवान विश्वनाथ संदीपक के समक्ष प्रकट हो गये और बोलेः "तेरी गुरुभक्ति एवं गुरुसेवा देखकर हम प्रसन्न हैं। जो गुरु की सेवा करता है वह मानो मेरी ही सेवा करता है। जो गुरु को संतुष्ट करता है वह मुझे ही संतुष्ट करता है। बेटा ! कुछ वरदान माँग ले।" संदीपक गुरु से आज्ञा लेने गया और बोलाः

शिवजी वरदान देना चाहते हैं आप आज्ञा दें तो वरदान माँग लूँ कि आपका रोग एवं अंधेपन का प्रारब्ध समाप्त हो जाय।"

गुरु ने डाँटाः "वरदान इसलिए माँगता है कि मैं अच्छा हो जाऊँ और सेवा से तेरी जान छूटे ! अरे मूर्ख ! मेरा कर्म कभी-न- कभी तो मुझे भोगना ही पड़ेगा।" संदीपक ने शिवजी को वरदान के लिए मना कर दिया।

शिवजी आश्चर्यचकित हो गये कि कैसा निष्ठावान शिष्य है !

शिवजी गये विष्णुलोक में और भगवान विष्णु से सारा वृत्तान्त कहा। विष्णु भी संतुष्ट हो संदीपक के पास वरदान देने प्रकटे।

संदीपक ने कहाः "प्रभु ! मुझे कुछ नहीं चाहिए।भगवान ने आग्रह किया तो बोलाः "आप मुझे यही वरदान दें कि गुरु में मेरी अटल श्रद्धा बनी रहे।

गुरुदेव की सेवा में निरंतर प्रीति रहे, गुरुचरणों में दिन प्रतिदिन भक्ति दृढ़ होती रहे।

"भगवान विष्णु ने संदीपक को गले लगा लिया। संदीपक ने जाकर देखा तो वेदधर्म मुनि स्वस्थ बैठे थे। न कोढ़, न कोई अँधापन !शिवस्वरूप सदगुरु ने संदीपक को अपनी तात्त्विक दृष्टि एवं उपदेश से पूर्णत्व में प्रतिष्ठित कर दिया। वे बोलेः "वत्स ! धन्य है तेरी निष्ठा और सेवा ! जो इस प्रसंग को पढ़ेंगे, सुनेंगे, सुनायेंगे, वे महाभाग मोक्ष-पथ में अडिग हो जायेंगे।

पुत्र ! तुम धन्य हो ! तुम सच्चिदानंद स्वरूप हो।"

गुरु के संतोष से संदीपक गुरु-तत्त्व में जग गया, गुरुस्वरूप हो गया।

अपनी श्रद्धा को कभी भी, कैसी भी परिस्थिति में सदगुरु पर से तनिक भी कम नहीं करना चाहिए।

वे परीक्षा लेने के लिए कैसी भी लीला कर सकते हैं। गुरु आत्मा में अचल होते हैं, स्वरूप में अचल होते हैं। जो हमको संसार-सागर से तारकर परमात्मा में मिला दें, जिनका एक हाथ परमात्मा में हो और दूसरा हाथ जीव की परिस्थितियों में हो,

# मां की तरह चिड़िया भी बिना कविता लिखे चली गई।

चिड़िया कविता नहीं लिख पाती'
यह एक सच है,
मेरे घर आती चिड़िया कविता नहीं लिख पाती,
मन के उदगार भी नहीं बता सकती, अपने नन्हे चीजों
को नहीं सिखा सकती कविताएं,
मां थी
तो आंगन में चिड़ियों को
भोर चावल, गेहूं,
बिखरा,बिखरा कर बुलाया करती,
दोनों एक दूसरे की भाषा खूब समझते,
सामने के आंगन में एक मिट्टी का पोखर भी बना दिया
था,
माँ ने,चिड़िया दाने चुग कर,
शायद उसी छोटे पोखर में पानी पीकर मां से मन की
बातें कर विदा लेती,
पर अब माँ नहीं है,
चिड़ियों के हिस्से के दाने न जाने कहां गये,
पोखर में पानी भी नहीं,
पूछ नहीं सकती चिड़िया कहां है खेत और पोखर
नाले,नदिया,झरने,
अब उदास है चिड़िया,
माँ के बंद कमरे में,
हर शाम एक चिड़िया
आकर घर में घूम कर चली जाती, अनजानी जगह
अपनी करुणा व्यथा नहीं सुना पाती,
किसी को,
पर आती जरूर है,
रोज मां से मिलने,
दाना और पानी की तलाश में,
बतियाने,
एक दिन चिड़िया भी बिना कविता लिखें चली जाएगी,
मां की तरह अचानक,
क्योंकि मां की तरह,
वह भी कविता नहीं लिख पाती।

# भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति की शक्ति ही भारत को "विश्व गुरु" स्थापित करेंगीं।

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।



संजीव ठाकुर, स्वतंत्र टिप्पणी कार तथा लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

# पहला विश्व युद्ध

**पहला विश्व युद्ध** यूरोप में होने वाला यह एक वैश्विक युद्ध था जो 28 जुलाई 1914 से 11 नवंबर 1918 तक चला था। इसे महान युद्ध या "सभी युद्धों को समाप्त करने वाला युद्ध" के रूप में जाना जाता था। इस युद्ध ने 6 करोड़ यूरोपीय व्यक्तियों (गोरों) सहित 7 करोड़ से अधिक सैन्य कर्मियों को एकत्र करने का नेतृत्व किया, जो इसे इतिहास के सबसे बड़े युद्धों में से एक बनाता है। यह इतिहास में सबसे घातक संघर्षों में से एक था, जिसमें अनुमानित 9 करोड़ लड़ाकों की मौत और युद्ध के प्रत्यक्ष परिणाम के स्वरूप में 1.3 करोड़ नागरिकों की मृत्यु, जबकि 1918 के स्पैनिश फ्लू महामारी ने दुनिया भर में 1.7-10 करोड़ की मौत का कारण बना, जिसमें कि यूरोप में अनुमानित 26.4 लाख मौतें और संयुक्त राज्य में 6.75 लाख स्पैनिश फ्लू से हुई यह पूरी तरह से 1919 खत्म हुई!

28 जून 1914 को, बोस्निया के सर्ब यूगोस्लाव राष्ट्रवादी गैवरिलो प्रिंसिपल ने साराजेवो में ऑस्ट्रो-हंगेरियन वारिस आर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या कर दी, जिससे जुलाई संकट पैदा हो गया। इसके उत्तर में, ऑस्ट्रिया-हंगरी ने 23 जुलाई को सर्बिया को एक अंतिम चेतावनी जारी कर दी। सर्बिया का उत्तर ऑस्ट्रियाई लोगों को संतुष्ट करने में विफल रहा, और दोनों युद्ध स्तर पर चले गए। गठबंधनों के एक संजाल ने बाल्कन में द्विपक्षीय मुद्दे से यूरोप के अधिकांश भाग को संकट में डाल दिया। जुलाई 1914 तक, यूरोप की महाशक्तियों को दो गठबंधन में विभाजित किया गया था, ट्रिपल एंटेंट : जिसमें फ्रांस, रूस और ब्रिटेन शामिल थे; तथा ट्रिपल एलायंस :जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी और इटली। ट्रिपल एलायंस की प्रकृति केवल रक्षात्मक था, जिससे इटली को अप्रैल 1915 तक युद्ध से बाहर रहने की अनुमति मिली, जब वह ऑस्ट्रिया-हंगरी के साथ अपने संबंधों के बिगड़ने के बाद मित्र देशों की शक्तियों में शामिल हो गया। रूस ने सर्बिया को वापस लेने की आवश्यकता महसूस की, और 28 जुलाई को ऑस्ट्रिया-हंगरी के बेलग्रेड के सर्बियाई राजधानी पर गोलाबारी के बाद आंशिक रूप से एकत्रीकरण को मंजूरी दी।

**लड़ाइयाँ**

इस महायुद्ध के अंतर्गत अनेक लड़ाइयाँ हुई। इनमें से टेनेनबर्ग (26 से 31 अगस्त 1914), मार्न (5 से 10 सितंबर 1914), सरी बइर तथा सूवला खाड़ी (6 से 10 अगस्त 1915), वर्दूं (21 फरवरी



1916 से 20 अगस्त 1917), आमिऐं (8 से 11 अगस्त 1918), एव वित्तोरिओ बेनेतो (23 से 29 अक्टूबर 1918) इत्यादि की लड़ाइयों को अपेक्षाकृत अधिक महत्व दिया गया है। यहाँ केवल दो का ही संक्षिप्त वृत्तांत दिया गया है।

जर्मनी द्वारा किए गए 1916 के आक्रमणों का प्रधान लक्ष्य बर्दूं था। महाद्वीप स्थित मित्र राष्ट्रों की सेनाओं का विघटन करने के लिए फ़्रांस पर आक्रमण करने की योजनानुसार जर्मनी की ओर से 21 फरवरी 1916 ई. को बर्दूं युद्धमाला का श्रीगणेश हुआ। नौ जर्मन डिवीजन ने एक साथ मॉजेल नदी के दाहिने किनारे पर आक्रमण किया तथा प्रथम एवं द्वितीय युद्ध मोर्चों पर अधिकार किया। फ्रेंच सेना का ओज जनरल पेतैं की अध्यक्षता में इस चुनौती का सामना करने के लिए बढ़ा। जर्मन सेना 26 फरवरी को बर्दूं की सीमा से केवल पाँच मील दूर रह गई। कुछ दिनों तक घोर संग्राम हुआ। 15 मार्च तक जर्मन आक्रमण शिथिल पड़ने लगा तथा फ्रांस को अपनी व्यूहरचना तथा रसद आदि की सुचारु व्यवस्था का अवसर मिल गया। म्यूज के पश्चिमी किनारे पर भी भीषण युद्ध छिड़ा जो लगभग अप्रैल तक चलता रहा। मई के अंत में जर्मनी ने नदी के दोनों ओर आक्रमण किया तथा भीषण युद्ध के उपरांत 7 जून को वाक्स का किला लेने में सफलता प्राप्त की। जर्मनी अब अपनी सफलता के शिखर पर था। फ्रेंच सैनिक मार्ट होमे के दक्षिणी ढालू स्थलीय मोर्चों पर डटे हुए थे। संघर्ष चलता रहा। ब्रिटिश सेना ने सॉम पर आक्रमण कर बर्दूं को छुटकारा दिलाया। जर्मनी का अंतिम आक्रमण 3 सितंबर को हुआ था। जनरल मैनगिन के नेतृत्व में फ्रांस ने प्रत्याक्रमण किया तथा अधिकांश खोए हुए स्थल विजित कर लिए। 20 अगस्त 1917 के बर्दूं के अंतिम युद्ध के उपरांत जर्मनी के हाथों में केवल ब्यूमांट रह गया। युद्धों ने फ्रैंच सेना को शिथिल कर दिया था, जब कि आहत जर्मनों की संख्या लगभग तीन लाख थी और उसका जोश फीका पड़ गया था।


**लड़ाइयाँ**

इस महायुद्ध के अंतर्गत अनेक लड़ाइयाँ हुई। इनमें से टेनेनबर्ग (26 से 31 अगस्त 1914), मार्न (5 से 10 सितंबर 1914), सरी बइर (रं१ इं१) तथा सूवला खाड़ी (6 से 10 अगस्त 1915), वर्दूं (21 फरवरी 1916 से 20 अगस्त 1917), आमिऐं (8 से 11 अगस्त 1918), एव वित्तोरिओ बेनेतो (23 से 29 अक्टूबर 1918) इत्यादि की लड़ाइयों को अपेक्षाकृत अधिक महत्व दिया गया है। यहाँ केवल दो का ही संक्षिप्त वृत्तांत दिया गया है।

जर्मनी द्वारा किए गए 1916 के आक्रमणों का प्रधान लक्ष्य बर्दूं था। महाद्वीप स्थित मित्र राष्ट्रों की सेनाओं का विघटन करने के लिए फ्रांस पर आक्रमण करने की योजनानुसार जर्मनी की ओर से 21 फरवरी 1916 ई. को बर्दूं युद्धमाला का श्रीगणेश हुआ। नौ जर्मन डिवीजन ने एक साथ मॉजेल नदी के दाहिने किनारे पर आक्रमण किया तथा प्रथम एवं द्वितीय युद्ध मोर्चों पर अधिकार किया। फ्रेंच सेना का ओज जनरल पेतैं की अध्यक्षता में इस चुनौती का सामना करने के लिए बढ़ा। जर्मन सेना 26 फरवरी को बर्दूं की सीमा से केवल पाँच मील दूर रह गई। कुछ दिनों तक घोर संग्राम हुआ। 15 मार्च तक जर्मन आक्रमण शिथिल पड़ने लगा तथा फ्रांस को अपनी व्यूहरचना तथा रसद आदि की सुचारु व्यवस्था का अवसर मिल गया। म्यूज के पश्चिमी किनारे पर भी भीषण युद्ध छिड़ा जो लगभग अप्रैल तक चलता रहा। मई के अंत में जर्मनी ने नदी के दोनों ओर आक्रमण किया तथा भीषण युद्ध के उपरांत 7 जून को वाक्स का किला लेने में सफलता प्राप्त की। जर्मनी अब अपनी सफलता के शिखर पर था। फ्रेंच सैनिक मार्ट होमे के दक्षिणी ढालू स्थलीय मोर्चों पर डटे हुए थे। संघर्ष चलता रहा। ब्रिटिश सेना ने सॉम पर आक्रमण कर बर्दूं को छुटकारा दिलाया। जर्मनी का अंतिम आक्रमण 3 सितंबर को हुआ था। जनरल मैनगिन के नेतृत्व में फ्रांस ने प्रत्याक्रमण किया तथा अधिकांश खोए हुए स्थल विजित कर लिए। 20 अगस्त 1917 के बर्दूं के अंतिम युद्ध के उपरांत जर्मनी के हाथों में केवल ब्यूमांट रह गया। युद्धों ने फ्रैंच सेना को शिथिल कर दिया था, जब कि आहत जर्मनों की संख्या लगभग तीन लाख थी और उसका जोश फीका पड़ गया था।

## यम गीता (गीता भाग 128)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान


विश्वनाथ त्रिपाठी

मैत्रेय जी पाराशर जी से आगे प्रश्न करते हुए कहते हैं कि हे गुरुदेव जीव मृत्यु के बाद यमराज के अधीन हो जाता है और उन्हीं के आदेशानुसार कर्मों के अनुरूप स्वर्ग व नरक का भोग भोगता है फिर वह देश योनि में जाता है?


यातनाभ्यः परिभ्रष्टा ,
देवादद्यास्वथ योनिषु`
जंतवः परिवर्तंर्ते,
शास्त्राणामेष निर्णयः

पाप कर्मो के कारण नरक में अनेक यातनाओं को भोगकर जीव देव आदि योनियों में भ्रमण करता रहता है ऐसा शास्त्रों का। मत है`

सोऽहमिच्छामि तच्छ्रोतुम्
यमस्य वश वर्तिनः`
न भवन्ति नरा येन
तत्कर्म कथयस्व में

हे गुरुदेव ! कृपा करके आप मुझे वह कर्म बताइए जिसको करने से मनुष्य यमराज के वंशी भूत नहीं होता अर्थात यम की यातना का पात्र नहीं होता` आप के मुख से यम ताड़ना से बचने का उपाय सुनना चाहता हूं`

श्री पराशर उवाच
भगवान् पराशर बोले




अयमेव मुने प्रश्नों,
नकुलेन महात्मनो
पृष्ठः पितामहः प्राह,
भीष्मोंयत्तच्छ्रुणुष्व मे`

श्री पराशर जी मैत्रेय से बोले :--

हे मुने ! ठीक ऐसा ही प्रश्न नकुल ने भीष्म पितामह से किया था` इस कथन का उत्तर जो नकुल को भीष्म ने दिया वह मैं तुमसे कहता हूं ध्यान से सुनो`

भीष्म उवाच
( भीष्म ने कहा )

पुरा ममागतो वत्स
सखा कालिंगको द्विजः`
स मामुवाच पृष्ठों वै,
मया जातिस्मरो मुनिः`

भीष्म ने कहा --हे वत्स! पूर्वकाल में मेरे पास कलिंग का निवासी ब्राह्मण मित्र मेरे पास आया और बोला --कि कुछ बातें हैं जो निश्चित समय पर घटित होगी`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# अमेठी की सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

## *स्मृति ईरानी द्वारा सोनिया गांधी से किए गए अमर्यादित व्यवहार को लेकर किया प्रदर्शन, गिरफ्तार*

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**



संसद में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ बीजेपी संसद स्मृति ईरानी के अमर्यादित व्यवहार को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकताओं में जबरदस्त आक्रोश है। जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में विरोध प्रदशर्न कर सांसद का पुतला फूंका गया। पुलिस ने कांग्रेस अध्यक्ष समेत दर्जन भर से अधिक कार्यकाताओं को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस से हुई कांग्रेसियों की हाथापाई

अमेठी में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्यक्षता में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने स्मृति ईरानी मुदार्बाद, अपमान करना बंद करो, ये दीवाने कहाँ चले, जेल चले भाई जेल चले आदि नारों के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय से जुलूस निकाला। जुलूस लेकर कांग्रेसी आगे बढ़े जैसे ही डीएम आवास व कोतवाली के पास पहुंचे। तभी पीछे व आगे चल रही भारी पुलिस फोर्स ने आगे बढ़कर कार्यकाताओं को घेर लिया।
कांग्रेस कार्यकर्ता तेजी से आगे बढ़ना चाहा जहां सब्जी मंडी चौराहे पर पुलिस ने घेर लिया, मजबूरन हाइवे सब्जी मंडी चौराहा जाम कर दिया गया। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच रस्साकसी के विरुद्ध कांग्रेस जनों ने स्मृति ईरानी का पुतला फूंक दिया।हाथापाई और रस्साकसी के विरुद्ध पुलिस ने गिरफ्तारी शुरू कर दिया। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि स्मृति ईरानी द्वारा किया गया अपमान घोर निंदनीय है यदि उन्हें बर्खास्त नहीं किया गया तो कांग्रेस जबरदस्त विरोध आंदोलन व प्रदर्शन करेगी।पूरी अमेठी स्मृति ईरानी के इस कृत्य से आहत है।
वहीं प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक ने कहा कि उनका यह कृत्य पूरे देश के कांग्रेस जनों को आहत किया है।इनकी बर्खास्तगी तुरन्त नही होती तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन होगा।यह आंदोलन तो केवल नमूना है।

## दीपक सिंह समेत कई बड़े नेता गिरफ्तार

जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्र विवेकानंद पाठक, आशीष शक्ल, शुभभ सिंह, शकील इदरीसी, पूर्व विधायक सुरेंद्र विक्रम, फरहान वारसी, प्रशान्त त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता डॉ अरविंद चतुर्वेदी, अर्जुन पासी, सदाशिव यादव, वेदप्रकाश त्रिपाठी.राम बरन कश्यप, धर्मेन्द्र शुक्ला, मतीन अहमद, राजू ओझा, सुनील सिंह, चुन्नू सिंह, सुब्रत आदि। यह जानकारी जिला प्रवक्ता डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने दी।

## अमेठी 11000 हाईटेंशन लाइट से बेजुबान गाय की मौत

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते 11000 हाईटेंशन लाइन टूट कर गिरने से बेजुबान गाय की हुई मौत स्थानीय लोगों की सूचना देने के बाद भी घंटो तक नहीं पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारी।



खबर अमेठी जनपद के तहसील तिलोई के जायस कोतवाली क्षेत्र के कासिमपुर हाल्ट से हैं। तिलोई अमेठी। जायस कोतवाली क्षेत्र के कासिमपुर हाल्ट निवासी ओमप्रकाश मौर्य की गाय बांधी हुई थी उसी के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन विद्युत सप्लाई चालू थी की उसी समय अचानक 11000 हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर बेजुबान जानवर गाय के ऊपर गिरी और खुटे में बंधी गाय करंट की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत। वही ओमप्रकाश मौर्य ने बताया कि 11000 हाईटेंशन लाइन के तार जर्जर थे इसके लिए कई बार विद्युत विभाग के कर्मचारियों को जानकारी दी गई लेकिन तार नहीं बदले गए आज अचानक 11000 लाइन का तार टूट कर गिरने से नीचे बंधी गाय करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई जिसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र जायस के कर्मचारी व अधिकारी को दी गई लेकिन समय से नहीं पहुंचा कोई कर्मचारी घंटों देर बाद मौके पर पहुंचे तो देख कर चले गए। ओमप्रकाश मौर्य ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए। गाय की पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

## *वांछित अभियुक्तों की हुई गिरफ्तार*

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि

जनपद के थाना जेठवारा के उ0नि0 श्री सीताराम यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 196/2022 धारा 323, 504, 506, 308 भादंवि से संबंधित तीन वांछित अभियुक्त 01. अकरम पुत्र अकबालुद्दीन 02. खुर्शीद आलम पुत्र अकबालुद्दीन 03. मो0 शोएब पुत्र मो0 शब्बीर निवासीगण हैदरपुर थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र जेठवारा के घीसा का पुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## *02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार (थाना अंतू)*

जनपद के थाना अंतू के उ0नि0 श्री शिवपूजन यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान धारा 82/83 सीआरपीसी व थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 260/99 धारा 323, 504, 506, 336 भादंवि से संबंधित एक वारण्टी अभियुक्त रामचन्द्र पाण्डेय पुत्र जयमंगल निवासी चौरा थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के गढ़वारा बाजार से गिरफ्तार किया गया व उ0नि0 श्री कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान धारा 82/83 सीआरपीसी व थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 174/92 धारा 326 भादंवि से संबंधित एक वारण्टी अभियुक्त बसंत कुमार पुत्र रामअभिलाख निवासी कपासी थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## थाना कंधई में पकड़े ग्रे दहेज हत्यारोपी व अन्य

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि**

जनपद के थाना कंधई के उ0नि0 श्री मृत्युंजय पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 342/2022 धारा 304बी, 323, 498ए भादंवि व धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित दो वांछित अभियुक्त 01. अरविन्द कुमार बहेलिया पुत्र रामकुमार बहेलिया 02. रामकुमार बहेलिया पुत्र स्व0 शिवशंकर बहेलिया निवासीगण ताला थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया ।

## 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना कोतवाली नगर)

जनपद के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 श्री पुष्पराज सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 210/2022 धारा 323, 504, 506, 324, 307, 308 भादंवि से संबंधित एक वांछित अभियुक्त अमन सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह निवासी सदर मोड़ पुरानी आबकारी थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के सदर मोड़, पुरानी आबकारी के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## *04 अदद अवैध देसी बम के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना कोतवाली नगर)*

जनपद के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 श्री घनश्याम सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के भंगवा रेलवे क्रासिंग के पास से एक व्यक्ति सद्दाम पुत्र स्व0 अब्दुल अजीज निवासी जेल रोड कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को 04 अदद अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 /2022 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन द्वारा पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मिशन शक्ति, यातायात नियमों, साइबर अपराध आदि के संबन्ध में किया गया जागरूक

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**



आज जी0जी0आई0सी अमेठी में ह्लपुलिस की पाठशालाह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्री मयंक द्विवेदी द्वारा विद्यालय की छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत महिला शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार व आत्मरक्षा पर विषेश जोर देकर जागरूक किया गया । आपात स्थिति में पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर सकती हैं । छात्राओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन,181-महिला हेल्प लाइन,108-एम्बुलेंस सेवा,1076 ह्लमुख्यमंत्रीहेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड लाइड्ड आदि के बारे में जागरूक किया गया । साथ-साथ यातायात नियमों ओवर स्पीड वाहन न चलाने, सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट लगाकर चलने आदि यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया तथा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय जैसे साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है । सिम ब्लाक/संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वातार्लाप न करें । किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करें

# "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का जनपद में किया जायेगा भव्य आयोजन-जिलाधिकारी

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का जनपद में भव्य आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत दिनांक 13 से 15 अगस्त तक जनपद के आवासित घरों/बहुमंजिला आवासीय इमारतों आदि में संशोधित झण्डा संहिता के अनुसार पॉलिस्टर/सूती/खादी/ऊनी कपड़ों से बने निर्धारित आकार (3:2 अनुपात/30"७20") के मशीन अथवा हस्त निर्मित झण्डों को फहराया जाना है। इसके अतिरिक्त समस्त सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों जैसे पुलिस लाइन, पुलिस थाना, पुलिस चौकी, पशु चिकित्सालय, राजकीय अतिथि गृह, स्टेडियम पार्क, चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान, बस/रेलवे स्टेशन, जनसुविधा केन्द्र, होटल, रेस्टोरेन्ट, सिनेमाहाल, शापिंग काम्प्लेक्स आदि विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी भवनों/परिसरों में खादी से निर्मित झण्डे फहराये जायेगें। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रभावी समन्वय हेतु झण्डों के उत्पाद/वितरण/फहराने सम्बन्धी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट गूगल लिंक पर प्रतिदिन जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अपडेट किया जायेगा।

# बालिकाओं को स्वावलम्बी बनायेगी कन्या सुमंगला योजना-मुख्य विकास अधिकारी

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने, लैगिंक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संचालित की गयी है। इस योजना का लाभ समाज के सभी वर्गो की बालिकाओं को उपलब्ध कराने से बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता मिलेगी तथा बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थियों के चिन्हांकन एवं आनलाइन फीडिंग की समीक्षा की जिसमें पाया गया कि जनपद में अभी तक चिन्हांकित बालिकाओं की संख्या आबादी के लिहाज से बहुत कम है जिस पर शासन द्वारा अभियान चलाकर योजना के पात्र लाभार्थियों चिन्हांकन एवं आनलाइन फीडिंग कराये जाने का निर्देश दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी जनपद की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उन्होने निर्देशित किया कि इस योजना का लाभ सभी वांछित लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाये जिसकी मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला पंचायत राज अधिकारी अपनी विभागीय कार्ययोजना बनाकर पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन करें तथा श्रेणीवार उनके आवेदन पत्रों की आनलाइन फीडिंग वेबपोर्टल https://mksy.up.gov.in पर करना सुनिश्चित करें। उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय बनाकर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये प्रगति में सुधार लायें अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## गंगा में समाया युवक, तलाश मे जुटी पुलिस व गोताखोर




समाज जागरण अरुण शुक्ल सांगीपुर लालगंज।। क्षेत्र के सांगीपुर थाना के नौगीर गांव के युवक के नहाते समय गंगा मे समा जाने से यहां युवक के घर हडकंप मच गया। नौगीर निवासी छोटे लाल पाण्डेय का पुत्र विकास पाण्डेय 30 जिले के हथिगवां थाना के धीमी गांव के खांटी अखैबरपुर में पीने के पानी की टंकी के निर्माण कार्यो की देखरेख किया करता था। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे विकास धीमी गंगा पुल के दूसरे छोर पर बाइक खड़ी कर नहाने चला गया। सम्भवतः फिसल जाने के कारण विकास गंगा की धारा के तेज बहाव मे आ गया। गंगा तट पर मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना हथिगवां पुलिस को दी। हथिगवां एसओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। विकास के फोन के जरिए पुलिस ने परिजनों से संपर्क साधा। जानकारी मिलते ही यहां परिजनों मे अफरातफरी मच गयी। परिजन भी भागकर गंगा तट पहुंचे हैं। इधर जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी एसपी तथा अन्य उच्चाधिकारियों से फोनिक वार्ता कर विकास की खोजबीन के प्रबन्ध के बाबत वार्ता की। इधर हथिगंवा पुलिस की सूचना पर प्रयागराज जल पुलिस व स्टीमर बोट की भी विकास की खोज के लिए मशक्कत करती दिखी। पुलिस स्थानीय मछुआरों का भी तलाशी अभियान मे सहयोग ले रही है। समाचार भेजे जाने तक फिलहाल विकास पाण्डेय का अभी तक पता नही चल सका है।

## सांसद कल जनता दरबार में सुनेंगे आम लोगों की फरियाद,

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:ह्नकौशाम्बी के सांसद विनोद सोनकर शनिवार को कुंडा डाक बंगले में दो बजे से जनता की समस्याएं सुनेंगे। जन सुनवाई कार्यक्रम के बाद भाजपा नेता आलोक तिवारी के असामयिक निधन पर संवेदना जताने उनके गृह गांव इंटौरा जाएंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पांडेय ने दी है।

## आदर्श सरोवर के सौंदरीय करण का कार्य जल्द पूरा कराएं -बीडीओ

### *सुरसा के पचकोहरा गाँव में आदर्श सरोवर का निरीक्षण करने पहुचे थे खंड विकास अधिकारी सुरसा*



दैनिक समाज जागरण
हरदोई।सुरसा खंड विकास अधिकारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर निमार्ण को लेकर बेहत सजग दिखाई दे रहे हैं।जिसके चलते वह शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक सुरसा के साथ आदर्श सरोवर का निरीक्षण करने पचकोहरा पहुचे थे।
खंड विकास अधिकारी सुरसा डाक्टर रामप्रकाश ने निरीक्षण के दौरान सरोवर के किनारे जल्द से जल्द समुचित पौधरोपण कराए जाने व घुमंतू गौवशों को पानी पीने हेतू समूचित रैंप बनाए जाने का आदेश ग्राम पंचायत अधिकारी को दिया।उन्होंने बताया की सरकार की के अनुरूप समस्त कार्य धरातल पर दिखें ऐसा उनका प्रयास है।पचकोहरा गांव पहुचकर गांव के आदर्श सरोवर का निरीक्षण किया गया साथ ही जरूरी आदेश भी दिए गए है।जिसे जल्द से जल्द उसको मंशा अनुरूप बनाया जा सके।इस मौके पर प्रमुख रूप से सीएचसी अधीक्षक हेमंत राजपूत, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सुशील कुमार ग्राम रोजगार सेवक सतेंद्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## मार्ग में गहरे गड्ढे बने जानलेवा, ग्रामीणों ने आंदोलन करने की कही बात

**दैनिक समाज जागरण**

कछौना, हरदोई। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था सड़कों पर फैले जानलेवा गड्ढे आतंकवादियों से भी ज्यादा घातक और खतरनाक है। जिसके कारण जनधन की हानि के साथ व्यक्ति की जान तक चली जाती है। यहां तक दुर्घटना से व्यक्ति जीवन भर के लिए विकलांग हो जाता है।
विकासखंड कछौना की लखनऊ हरदोई मार्ग पर ज्ञान तिराहे से गौहानी संपर्क मार्ग है। जिस पर प्रतिदिन ग्राम कामीपुर, ज्ञानपुर, धंधार, गौहानी, मण्डलहिया, नौवा खेड़ा, धुरपुरा, तकिया खन्ना खेड़ा, बरुआहार आदि ग्रामों के ग्रामीणों का आवागमन रहता है। इस मार्ग पर ग्राम धंधार में ग्रामीणों के घरों के पानी की निकासी हेतु नाली की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण घरों का पानी सड़क पर बहता है। सड़क पर हमेशा जलभराव बना रहता है। कई बार इमरजेंसी वाहन फंस चुके हैं। सैकड़ों राहगीर गड्ढों में गिरकर चुटहिल हो चुके हैं। परंतु प्रशासन में जलन समस्या की ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। गहरे गड्ढे व जलभराव से ग्रामीण निकलने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा समस्या नौनिहालों के सामने समस्या हैं। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत कुमार सिंह व अधिवक्ता संत कुमार यादव ने पुरजोर तरीके से शासन-प्रशासन, खंड विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को दर्जनों बार अवगत कराया। प्रशासन द्वारा निराकरण न होने के कारण मार्ग पर अपने स्तर से राबिस व रोड़े डालकर वह मार्ग के किनारे कच्ची नाली खोद कर अस्थाई समस्या के निराकरण का प्रयास किया। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत कुमार सिंह व अधिवक्ता संत कुमार यादव ने बताया अगर शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो हम लोग आंदोलन करने को विवश होंगे। जिसका जिम्मेदार शासन-प्रशासन होगा।

# आयुर्वेद विभाग द्वारा चलाये गये स्वर्णप्राशन अभियान का जिलाधिकारी ने बच्चों को दवा पिलाकर किया शुभारम्भ,

### *स्वर्णप्राशन बच्चों के लिये इम्युनिटी बूस्टर का करेगा काम-जिलाधिकारी*
### *बीमारी से बचाने के लिये पुष्य नक्षत्र में 3155 बच्चों का कराया गया स्वर्णप्राशन*

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी जिला। प्रतिनिधि प्रतापगढ़। आयुर्वेद विभाग एवं बाल विकास विभाग की पहल पर पुष्य नक्षत्र में जनपद के 8 विकास खण्ड के 52 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन शिविर आयोजित किया गया जिसमें आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा 3155 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराने का कीर्तिमान बनाया गया। प्रतापगढ़ प्रदेश का पहला जिला है जहां एक साथ 52 केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन अभियान चलाया गया। स्वर्णप्राशन के पहले चरण में मंगरौरा में 10 आंगनबाड़ी केन्द्र, सदर में 15, मानधाता में 10, शिवगढ़ में 4, बाबागंज में 1, पट्टी में 1, बाबा बेलखरनाथधाम में 1 तथा बिहार विकास खण्ड में 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन की खुराक दी गयी।
जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने चिलबिला कोट स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों को इम्युनिटी वर्धक आयुर्वेदिक दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वर्णप्राशन अभियान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया प्रयास सराहनीय है। स्वर्णप्राशन से बच्चों में होने वाले कुपोषण की समस्या को कम किया जा सकता है जिससे समय से वजन और लम्बाई बढ़ने के साथ मानसिक विकास भी सम्भव होगा। स्वर्णप्राशन बच्चों के लिये इम्युनिटी बूस्टर का काम करेगा।
मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि आयुर्वेद से जुड़े हमारे ऋषि मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व वायरस और बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने के लिये एक ऐसा रसायन तैयार किया था जिसे स्वर्णप्राशन कहा जाता है। जनपद में इस अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सरोज शंकर राम ने बताया कि स्वर्णप्राशन स्मरणशक्ति और धारणशक्ति बढ़ाने वाले शुद्ध स्वर्णभस्म के निश्चित अनुपात में गाय के घी व शहद के साथ ड्रॉप के रूप में हमारे चिकित्साधिकारियों द्वारा तैयार किया गया है। इस अभियान में आयुर्वेद विभाग के 26 चिकित्साधिकारी, 27 फार्मासिस्ट तथा 60 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने सफल बनाया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी रवीन्द्र कुमार उपाध्याय, डा0 रंगनाथ शुक्ल, डा0 आशीष कुमार त्रिपाठी, डा0 अवनीश पाण्डेय, डा0 शशेन्द्र कुमार, डा0 पवन कुमार मिश्रा सहित अन्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक हुई संपन्न

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी



जगदीशपुर अमेठी 29 जुलाई को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक जितेंद्र पांडे ने किया इस बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए कई निर्णय लिए गए विकासखंड जगदीशपुर के अंतर्गत स्थित डाक बंगला पर एसोसिएशन की बैठक में सदस्यों ने अपने अपने विचार रखते हुए अनेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया जिसके समाधान के लिए आगामी रणनीति तय की गई इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र पांडे की मृतक आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया तथा सर्वसम्मति से अदनान चौधरी व एसपी सिंह को जिला प्रभारी नियुक्त करते हुए पदभार सौंपा गया उपस्थित सदस्यों से विस्तार हेतु नए सदस्यों को जोड़ने तथा संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया गया इस अवसर पर जिला प्रचार मंत्री शेष नारायण त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष अदनान चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष एसबी सिंह उपाध्यक्ष बिलाल अहमद महासचिव अंकित यादव सचिव वीरेंद्र पांडे महामंत्री शिवकुमार तिवारी मंत्री इंद्र कुमार सदस्य अफसर अली दिनेश यादव राम प्रकाश समेत आदि लोग मौजूद रहे रामप्रकाश यादव पत्रिका

## *तमंचे के बल पर बाइक उड़ा ले गये बदमाश*

**समाज जागरण अरुण शुक्ल** सांगीपुर लालगंज। बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए खेती के लिए निकले पीडित की तमंचे के बल पर बाइक कब्जे मे लेकर भाग निकले। पीडित ने घटना को लेकर सांगीपुर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, कार्रवाई की जाएगी। सांगीपुर थाना के सरैंया पहाडपुर निवासी रविप्रकाश वर्मा पुत्र जगरूप वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शुक्रवार को भोर मे तीन बजे वह अपने बेटे धीरेन्द्र कुमार वर्मा की बाइक लेकर घर से खेत मे सिंचाई के लिए निकला था। घर के करीब पांच सौ मीटर पहुंचा था कि रास्ते मे दो बदमाशों ने तमंचा सटाकर बाइक रोक लिया। बदमाशों ने पीडित को जानलेवा धमकी दी और तमंचे की नोंक पर उसे बाइक से गिरा दिया। बदमाश पीडित की बाइक लेकर वहां से रफूचक्कर हो गये। पीडित ने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा सात उपनिरीक्षक को निरीक्षक के पदोन्नति होने पर किया सम्मानित

## पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन ने 07 निरीक्षको को पदोन्नति बैज लगाकर किया दी बधाई

समाज जागरण/
ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी



लखीमपुर -- जनपद लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा पुलिस कार्यालय पर निरीक्षक पद पर पदोन्नति हुए 07 उपनिरीक्षक को बैज लगाकर सम्मानित किया गया 1-योगेश कुमार सिंह (पुलिस लाइन खीरी) 2-आलोक कुमार धीमान (थाना मैगलगंज) 3-दीपक कुमार राय (थाना निघासन) 4-पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी (थाना गोला) 5-अवधेश कुमार यादव (थानाध्यक्ष नीमगांव) 6-बलवंत सिंह शाही(थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर) 7-राम नरायण यादव(थाना सम्पूर्णानगर) को उपनिरीक्षक के पद से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर पुलिस निरीक्षण महोदय संजीव सुमन ने बैज लगाकर सम्मानित किया इसी क्रम में पदोन्नति हुए उपरोक्त पुलिस कर्मियों ने भी पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद देते हुए कहा हम सभी अपने में गौरवांवित है कि आपके कार्यकाल में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक ने भी सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे तहसील सदर मे बैठक आयोजित की गयी

**दैनिक समाज जागरण**
**अखिलेश सिंह**



हरदोई।उपजिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन की अध्यक्षता मे तहसील सदर मे एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे उपजिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुये आयुष्मान कार्ड की प्रगति, अमृत सरोवरों के कार्यो की प्रगति, गौशाला निर्माण की प्रगति, छुट्टा गौवंशों की समीक्षा के साथ ही अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार पूर्वक समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।
इसी क्रम मे उपजिलाधिकारी ने तहसील सदर के सभी कोटेदारों के साथ बैठक की। जिसमे आयुष्मान कार्ड की प्रगति मे उनके सहयोग करने हेतु प्रोत्साहित करते हुये कार्य मे और अधिक तेजी लाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी, एमओआइसी, सप्लाई इंस्पेक्टर, कानूनगो, नायब तहसीलदार सहित सम्बन्धित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न खेलों के जिला, मण्डल, राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स आयोजित किये जायेगे

**दैनिक समाज जागरण हरदोई।** खेल निदेशालय, उप लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कर्यालय हरदोई के द्वारा गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेलों के विकास तथा शारीरिक संवर्धन हेतु वर्ष 2022-23 हेतु विभिन्न खेलों के जिला, मण्डल, राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स आयोजित किये जायेगे। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले कर्मचारी को ड्यूटी पर माना जायेगा तथा उनके यात्रा भत्ता आदि का भुगतान उनके विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। अतः जनपद के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी खिलाड़ियों जो खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हो वे अपने विभाग से अपना नाम, पदनाम, जन्मतिथि विभाग का नाम जहाँ सेवारत हैं सेवा में आने का दिनांक तथा वर्तमान में तैनाती तिथि आदि की सूचना सहित विभाग से प्रमाणित कराकर साथ में लाना अनिवार्य है। सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स में पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी ही भाग लेगे। सिविल सर्विसेज विभागीय गाइड लाइन के अनुसार आटोनोमस बाडी जैसे परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पंचायत, पुलिस विभाग के कर्मचारी अध्यापक व सहायक अध्यापक आदि भाग नहीं लेगें। जिला स्तर पर सिविल सर्विसेज चयन व ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विभाग को दृष्टिगत रखते हुए चयन ट्रायल्स में सम्मिलित किया जायेगा। इस चयन व ट्रायल्स में भाग लेने हेतु कर्मचारियों व अधिकारियों को अपने विभाग द्वारा जारी कार्यमुक्त प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व जिला खेल कार्यालय हरदोई में अपनी उपस्थिति दर्ज कराये, तत्पश्चात निर्धारित तिथि को प्रातः 11बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, हरदोई में जिला स्तरीय चयन व ट्रायल्स कराये जायेगें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# नक्सलियों ने सोनवानी पुलिस चौकी के चालीसबाड़ी मार्ग पर लगाया बैनर पोस्टर

## 28 जुलाई से 03 अगस्त तक नक्सली मना रहे है शहीद सप्ताह

**समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट।28 जुलाई से 03 अगस्त तक नक्सलियों का चलने वाला शहीद सप्ताह शुरू हो चुका है जिसका परिणाम भी सामने आने लगे है।रूपझर पुलिस थाना अंतर्गत सोनवानी पुलिस चौकी के चालीसबाड़ी मार्ग पर बैनर पोस्टर लगाकर नक्सलियों ने हमेशा की तरह सरकार पर जमकर भड़ास निकाली है।शासन के योजनाओं में धांधली का आरोप नक्सलियों ने पोस्टर के माध्यम से लगाया है इतना ही नही कोरोना काल का हवाला देकर सरकार ने खूब लूट खसोट मचाई है यह भी आरोप नक्सलियों ने पर्चे पर लिखा है।हालांकि नक्सलियों की मंशा साफ नही है वे किसकी लड़ाई लड़ रहे हैं यह उनको भी नही पता है।कभी तो कहते है हम गरीबो की लड़ाई लड़ रहे हैं कभी अपने नेताओं के बलिदान की लड़ाई का हवाला देते हैं तो कभी उच्च लोगो से सताने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध लडाई लड़ने का हवाला देते है जो शायद किसी के समझ मे नही आती क्योंकि आमजन के लिए बनने वाली सड़क को नक्सलियों ने कई बार बंद करवा देते है जो अनुचित है।बहरहाल मार्ग पर मिले बैनर पोस्टर को पुलिस ने बरामद कर अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पीएलजीए नामक संगठन ने बैनर पोस्टर लगाने की जिम्मेदारी ली है।

# चौरिया, लफरा, चिलोरा ग्राम में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम चौरिया, लफरा, चिलोरा में विशेष शिविर लगाकर 167 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया है।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनोज पाण्डेय के नेतृत्व मे स्वास्थ्य विभाग की टीम दुर्गम क्षेत्र के ग्रामों में पहुंची थी। इस टीम में विकासखंड लांजी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ डॉ प्रदीप गेडाम एवं बिरसा के खंड चिकित्सा अधिकारी डा सुनील सिंह एवं आर.बी.एस.के. टीम के सदस्य मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बिरसा ब्लाक के चौरिया ग्राम मे पंहुचकर 76 लोगों की जांच की गई तथा 01 गर्भवती महिला जो कि खून की से पीड़ित थी और उसमें मात्र 04 ग्राम हिमोब्लोबिन था, उसे सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार ग्राम लफरा में 52 एवं चिलोरा 45 लोगो की जांच कर उपचार दिया गया।
स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को बताया कि अपने घरों के आस-पास साफ-सफाई रखें और गंदगी न होने दें। मच्छरों की रोकथाम के लिए घरों के आसपास गड्ढे न होने दें और गड्ढे हों तो उनमें पानी एकत्र न होने दें। सोते समय मच्छरदानी अवश्य लगायें। खुले में शौच करने ना जायें, शौचालय का उपयोग करें। दूषित पानी एवं खाद्य सामग्री का सेवन ना करें। पानी को छानकर एवं उबालकर पीयें। सर्पदंश आदि की घटना होने पर झाड़ फूंक एवं पंडा-पुजारी के चक्कर में न रहें, बल्कि मरीज को जल्दी से अस्पताल ले जाने का प्रयास करें। कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोगों को कोविड वैक्सीन के प्रिकाशन डोज का टीका लगवाने कहा गया।

# सुसाइड की कहकर घर से निकला युवक 6 दिन से लापता, गुमशुदगी दर्ज



गाजियावाद ।थाना साहिबाबाद क्षेत्र के पीपल वाली गली जवाहर पार्क निवासी अखंड प्रताप सुसाइड करने की ओडियो क्लिप मोबाइल में घर पर छोड़कर गायब हो गया ।उसके गायब होंने की गुमशुदगी पिता ने दर्ज कराई है।
गुमशुदा के पिता अनिल कुमार एडवोकेट ने बताया कि दिनांक 23 जुलाई से मेरा पुत्र अखंड प्रताप शाम छह बजे से घर से चला गया है उस-के मोबाइल में एक वोईस रिकॉर्डिंग मिली है जिसमें वह नाम लेकर कह रहा कि मेरी मौत का ज़िम्मेदार अमुक व्यक्ति होगा। हम परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन अखंड प्रताप का कहीं पता नही चला। तो थाना साहिबाबाद में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। गुमशुदा हरे रंग की शर्ट वह गहरे नीले रंग का लोअर पहने हैं। पैरों में चप्पल है ।थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है गुमशुदा अखंड प्रताप के पिता अनिल कुमार कासगंज में वकील हैं। अखंड प्रताप को गायब हुए आज छह दिन हो गए पत्नी मिथलेश व पुत्र मयंक का रो रो कर बुरा हाल है।

# स्वयंसेवको द्वारा हरेली पर्व का सुंदर आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**



अकलतरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा अकलतरा के स्वयंसेवको द्वारा हरेली पर्व का सुंदर आयोजन किया गया किसी ने गुरुवार को अपने खेत के गेड़ी पर तो किसी ने अपने परिवार सहित गाँव के खेल मैदान मे जाकर पौधारोपण कर हरेली का सुंदर संदेश दिया संजय कुमार यादव कार्यक्रम अधिकारी व ए एल टी स्काउट ने स्वयं अपने गाँव के मैदान मे हरेली के पावन पर्व पर पौधा रोपण कर हरेली के सार्थक महत्व को बतलाने का प्रयास किया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा के स्वयंसेवको ने अपने गाँव के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोडर कालोनी अमोरा ,प्राथमिक शाला लोडर कॉलोनी अमोरा के छात्र छोटे भाई बहनो के लिए टी एल एम निर्माण किये ताकि उन्हे अच्छे से समझ आ सके ।

हरेली के पावन दिवस के अवसर पर सभी स्वयंसेवको द्वारा अपने घरों के खेती मे काम आने वाले औजरो, हलो आदि की अच्छे से साफ सफाई कर पूजा अर्चना किये व सभी के लिए मंगल कामना किये संजय कुमार यादव कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा पहले ही स्वयंसेवको को हरेली पर्व विधि,नियम,उद्देश्य लाभ एवम् सावधानी को विस्तार पूर्वक बताया गया था ।

आशीष मिश्रा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा , नवल किशोरा पांडेय , गायत्री कुर्रे , आशा शर्मा , मीना राय , कल्पना राठौर ,ललिता साहू , वंदना पांडेय व्याख्याता, पंच महेन्द्र दुबे , रामलाल साहू , एन पी गोस्वामी , तिवारी ,सरपंच प्रतिनिधि व संस्था के पूर्व प्राचार्य जे एल भानु के द्वारा आशीर्वाद प्रदान व स्वयंसेवको के लिए मंगलकामना किये राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक , स्काउट गाइड , रोवर ,रेंजर ने अपने कार्यो से गाँव के लोगो का मन मोह लिया है ।

हरेली के पावन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत अमोरा के सरपंच अंजनी भानू द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिए, भविष्य मे विद्यालय के सौंदर्यीकरण व ओपन जिम लगाने से होने वाले फायदों का लाभ उठाने की बात कही

# ग्राम महमंद में उत्साह के साथ मनाया गया हरेली तिहार'' दिग्गज कांग्रेसी नेताओं की रही उपस्थित

## विविध आयोजन कृषि यंत्रों की पूजा और गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**



बिलासपुर। मस्तुरी ब्लॉक के ग्राम महमंद में अभूतपूर्व उत्साह के साथ छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली तिहार का ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गया। पर्व के अवसर पर पूरे ग्राम महमंद में विविध रंगारंग कार्यक्रम और गेडी दौड परम्परागत खेल का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय जी द्वारा किया गया। जिसमें गांव से लेकर शहर तक हर नागरिक ने हिस्सा लेकर हरेली तिहार मनाया।
गुरुवार के हरेली महोत्सव कार्यक्रम में सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ माननीय चंदन यादव व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम पार्टी के अचानक बदले राजनीति परिस्थिति के चलते दिल्ली प्रवास पर जाने के कारण उपस्थित नही हो पाए कार्यक्रम में उपस्थित माननीय गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजश्री महंत राम सुंदर दास,छ.ग.राज्य सहकारी बैक अध्यक्ष माननीय बैधनाथ चंद्राकर, कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष माननीय सुरेन्द्र शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी, पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पान्डेय, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष शंकर यादव, जिला पंचायत सभापति संदीप यादव व राहुल सोनवानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री अर्जुन तिवारी, पामगढ़ छाया विधायक शेषराज हरवंश, जिला पंचायत सदस्य किरण यादव के उपस्थित में कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी व सरस्वती मां के छाया चित्र की पुजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय गीत अरपा पेरी के धार गीत के साथ किया गया।
कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं ने लोगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर के साथ आज से गौमूत्र की खरीदी भी शुरू की गई है। जैविक खाद के बाद अब जैविक कीटनाशक किसानों को उपलब्ध कराने की दिशा में यह शुरूआत की जा रही है इसके बारे में अपने अपने शब्दों में उद्बबोधन दिया इस अवसर पर माननीय राजश्री महंत रामसुन्दर दास ने कार्यक्रम में सभी को हरेली तिहार की शुभकामनाएँ दी और कृषि यंत्रों की पूजा कर खुशहाली की कामना की। माननीय बैजनाथ चंद्राकर ने कहा कि गौमूत्र ग्रामीणों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गोबर के साथ ही अब गौमूत्र की खरीदी भी की जा रही है। गौमूत्र से जीवामृत जैसी जैविक कीटनाशक के साथ ही विभिन्न प्रकार की औषधियों का निर्माण किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को सीधे रोजगार प्राप्त होगा। गोठान से गोबर वर्मी कम्पोस्ट और गौमूत्र कीटनाशक के रूप में ग्रामीणों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोठान में गोबर खरीदी कर महिला समूह वर्मी कम्पोस्ट बनाकर बेच रही है और आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। माननीय प्रमोद नायक ,प्रेमचंद जायसी, विजय पान्डेय, विजय केशरवानी, शंकर यादव,किरण संतोष यादव सभी ने छत्तीसगढ़ की पहली तिहार और संस्कृति के बारे में विस्तार से संबोधित किया।
कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार से छःसाल पहले गांव की खुशहाली के लिए लोगों की एकता बनाए रखने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय द्वारा किया गया जो एक महोत्सव के रुप में छठवां वर्ष हरेली महोत्सव के रूप में मानाया गया।
इस कार्यक्रम की शुरूआत गेडी दौड प्रतियोगिता के रूप में आयोजन किया गया जिसमें लगभग150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम द्वितीय, व तृतीय पुरूस्कार के रूप 2100/1100/700 के रुप में प्रतिभागियों को देकर उनका सम्मान किया गया।और बाकी के प्रतिभागियों को श्रीफल और 100/देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। और गांव के बुजुर्गों व कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भी गमछा और श्रीफल देकर सम्मानित करते हूए आशीर्वाद लिया।प्रतिभागियों परम्परागत गेडी दौड से उपस्थित लोगों का मनमोह लिया।
ब्लॉक स्तरीय हरेली महोत्सव में अतिथियों ने परम्परागत छत्तीसगढ़ कार्यक्रम पं शिवकुमार तिवारी के कार्यक्रम का आनंद लिया। अद्भुत प्रस्तुति पर अतिथियों ने ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय की प्रशंसा किया। कार्यक्रम की संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी द्वारा किया गया।
इस कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजश्री महंत रामसुन्दर दास,अपेक्स बैंक अध्यक्ष बैधनाथ चंद्राकर, कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी ,पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पान्डेय, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, शंकर यादव मंडी अध्यक्ष जयरामनगर, प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस श्याम कश्यप,संदीप यादव राहुल सोनवानी, टाकेश्वर पाटले जिला सचिव, रूपेश रोहिदास आई टी सेल अध्यक्ष,किरण यादव, शेषराज हरवंश ,मुकेश बंजारे, मनोहर कुर्रे,विरेन्द्र शर्मा, शिशिर कश्यप, अखिलेश दुबे,नारद रजक,गणेशी निषाद सरपंच महमंद,अनिल निषाद अशोक राजवल,लालजी धीरज,राजकुमार रजक,गेंदराम पटेल, लक्ष्मी यादव ताराचंद वर्मा, द्वारिका साहू,राके शर्मा, सुरेश दुबे,केशव साहू,विक्की नायक, सुरेंद्र बोले, गोलू भाई,भोलूभाई, शेरूभाईजान, सुनिल गुर्जर, बिन्दु जायसी, वहिदा बेगम उपस्थित हुए।

# तावडू में डीएसपी अनूरुद्ध चौहान ने संभाला कार्यभार, किसी भी सूरत में अवैध खनन गोकशी और चोरी जैसे मामले नहीं किए जाएंगे बर्दाश्तः डीएसपी अनूरुद्ध चौहान

## अपराध के लिए कोई माफी नहीं है अच्छा आदमी किसी भी जाति या धर्म से हो उसका स्वागत है।

**समान जागरण नूंह तावडू 29 जुलाईः** - तावडू में नव नियुक्त उप पुलिस अधीक्षक श्री अनुरुद्ध चौहान ने पदभार संभाला है। आपको बता दें कि इससे पहले अनूरुद्ध चौहान 18 महीने मधुबन को अपनी सेवाएं दे चुके हैं। आपको बता दे की डीएसपी साहब ने सबसे पहले शहर थाने का निरीक्षण किया और जवानों से हाल-चाल पूछा वही डीएसपी अनूरुद्ध चौहान ने बातचीत के दौरान बताया की तकनीक के युग में कम्युनिटी पुलिसिंग के



जरिए ही लोगों से जुड़ा जा सकता है। पुलिस लोगों से शिष्टाचार से पेश आए मित्रवत व्यवहार करें तभी लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और कहा कि जिस प्रदेश में कानून व्यवस्था अच्छी होगी वहां इज ऑफ डूइंग बिजनेस भी बेहतर होगा। पुलिस की कार्यशैली को सरकार की कार्यप्रणाली का आईना बताते हुए कहा कि स्मार्ट पुलिसिंग भी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। स्मार्ट पुलिसिंग का आरएसी पुलिस जो चौकन्नी प्रशिक्षित संवेदनशील जिम्मेदार व पारदर्शिता से काम करें। डीएसपी अनूरुद्ध चौहान ने कहा की काम पारदर्शी तरीके से ही होगा, गरीबों को न्याय मिलेगा, किसी भी गरीब आदमी को पुलिस से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत पर सच्चाई के साथ पूरा साथ दिया जाएगा और क्षेत्र में अवैध खनन, शराब तस्करी, जुआ सट्टा, ऑनलाइन ठगी वह चोरी जैसी घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बलात्कार के झुटे मुकदमे भी नहीं होंगे दर्ज, गैरकानूनी काम करने वाले लोगों को अब बख्शा नहीं जाएगा। गोकशी करने वाले को भी नहीं बख्शा जाएगा। इस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और डीएसपी अनिरुद्ध चौहान ने यह भी कहा की अपराध के लिए कोई माफी नहीं है। अच्छा आदमी किसी भी जाति या धर्म से हो उसका स्वागत है। जनता अपराधियों को शरण ना दें नहीं तो आने वाली नस्लें भी अपराधियों को देखकर अपराध करेगी और जुर्म को बढ़ावा देगी जनता पुलिस का पूरा सहयोग करें। गुंडागर्दी करने वाले ऐसे अपराधियों पर रोक लगा दी जाएगी। साथ में डीएसपी अनूरुद्ध चौहान ने यह भी कहा नूह मेवात एसपी श्री वरुण सिंगला जी साफ छवि के इंसान हैं। और वह सच्चाई का पूरा साथ देते हैं। इस मौके पर सदर थाना प्रभारी अरविंद कुमार, शहर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह, मोहम्मदपुर चौकी इंचार्ज भगवत प्रसाद, खोरी चौकी इंचार्ज बलबीर सिंह व अन्य पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# पौधरोपण अभियान में सहयोग कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं : कमलेश्वर मिश्रा

**नूंह जुबैर खान**




फोटो : स्कूल में पौधरोपण करते संस्था के पदाधिकारी।

नूंह। सामाजिक संस्था एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत नूंह खंड के गांव सौंख, खेड़ला व शाहपुर नंगली सहित अन्य गांवों में पौधरोपण अभियान चलाया। एसआरएफ फाउंडेशन पिछले 11 वर्षों से खंड के 42 स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने के लिए कार्य कर रही है। इन स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के अलावा एस आ-रएफ फाउंडेशन बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करता हैं। इसी कड़ी में पौधरोपण अभियान के तहत इन 42 स्कूलों में सौंदर्यीकरण तथा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु एस आर एफ फाउंडेशन द्वारा ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें वन विभाग के सहयोग से मेवात ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम के अंदर आने वाले विद्यालयों में पौाधरोपण किया गया। इस अभियान में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस मौके पर एसआरएफ फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर कमलेश्वर मिश्रा ने बताया कि विद्यालयों में स्वच्छ विद्यालय कमेटी बनाई गई है तथा कमेटी के बच्चों ने इन पेड़ पौधों की रखरखाव की जिम्मेदारी ली है तथा अपने विद्यालय को हरा भरा व स्वच्छ बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह पौधरोपण अभियान में उनका पूरा सहयोग अधिक से अधिक पौधरोपण करें। इस अवसर पर विद्यालयों के मुखिया तथा एसआ-रएफ फाउंडेशन के फील्ड ऑफिसर ओम प्रकाश सिंह, सतीश कुमार, सोनू शर्मा व हुसैन अहमद उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर राकेश जैन ने जिला प्रशासन को दिए 1.51 लाख रुपये

**समाजसेवी राकेश जैन ने हर घर तिरंगा अभियान के अलावा उजीना स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मिनरल वाटर कूलर के लिए भी दिया दान।**

नूंह जुबैर खान फिरोजपुर झिरका : भाजपा कार्यकर्ता एवं आरके इंफ्रा प्रोजेक्ट के डायरेक्टर राकेश जैन ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन को एक लाख 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। इसके अतिरिक्त राकेश जैन ने उजीना स्थित गर्ल्स सीनियर से-केंडरी स्कूल में मिनरल वाटर कूलर हेतु भी एक लाख 80 हजार रुपये की सहायता राशि का चैक विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद अली को सौंपा।
राकेश जैन ने बताया कि समुचित देश में इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा लगाने का एक विशाल अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त के तक हर घर तिरंगा लगाया जाएगा। अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान देश के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना पैदा करने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत घरों के अलावा सरकारी भवनों, औद्योगिक इकाइयों, पंचायत भवन, सामाजिक एवं धार्मिक भवन, राजनैतिक संगठनों के भवन तथा अस्पताल और सामुदायिक केंद्रों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाएगा। जैन ने कहा राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश का गौरव ही नहीं बल्कि सम्मान का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा राष्ट्रप्रेम की भावना हमारे राष्ट्र ध्वज में पूर्ण रूप से समाहित हैं। तिरंगा देश की अखंडता और स्वतंत्रता को दशार्ता है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे देशभक्ति की भावना और राष्ट्र का गौरव बढ़ाने के लिए अपने यहां तिरंगा झंडा लगाएं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। इस महोत्सव का उदेश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना ही नहीं बढ़ाना है बल्कि देश से गरीबी, अशिक्षा तथा हर व्यक्ति को पक्का मकान और किसान को समृद्ध भी बनाना है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री रिलीफ फंड, कोरोना काल, आपदा पीड़ितों और बलिदानी सैनिकों के लिए भी कंपनी द्वारा समय समय पर सहायता राशि प्रदान की गई है।



फोटो कैप्शन : हर घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए जिला उपायुक्त अजय कुमार को चैक सौंपते आरके इंफ्रा प्रोजेक्ट के डायरेक्टर राकेश जैन।

# जेजेपी सुप्रीमो डॉक्टर अजय सिंह चौटाला द्वारा लगाए पौधे इनसो का राजस्थान में होगा विस्तारःदिग्विजय चौटाला

*5 अगस्त को जयपुर में 'रणघोष' करके इनसो राजस्थान को देगी नया विकल्प*
*कार्यक्रम को लेकर हरियाणा सहित राजस्थान में युवाओं में खासा उत्साह*
*नूंह नगर परिषद चेयरमैन संजय मनोचा के घर किया जलपान*

नूंह जुबैर खान



जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला पांच अगस्त को राजस्थान की धरती पर होने वाले इनसो के 20 वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम रणघोष का निमंत्रण देने नई अनाज मंडी स्थित जेजेपी कार्यालय पहुंचे। मीटिंग को संबोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी सुप्रीमो डॉक्टर अजय सिंह चौटाला द्वारा लगाए पौधा इनसो ने निरंतर सामाजिक सेवाओं में भी इतिहास रचकर नेत्रदान,पौधारोपण व कोरोना संक्रमण में भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां पूरी तरह से निभाई हैं।पिछले हरियाणा के विधानसभा चुनाव और जेजेपी को खड़ा करने में इनसो का अहम योगदान रहा है। इनसो देश की युवा पीढ़ी देश की राजनीतिक दशा व दिशा को एक नया आयाम देने के लिए न केवल छात्र राजनीति करती है बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी इसका बड़ा योगदान है। जेजेपी प्रधान महासचिव ने इनसो व जेजेपी से जुड़े युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में जयपुर में इनसो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में आएं।चूंकि जननयाक चौधरी देवीलाल और जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि राजस्थान में रणघोष समा-रोह से नया विकल्प दिया जाएगा।अब इनसो हरियाणा के साथ-साथ समीपवर्ती राज्य राजस्थान व अन्य राज्यों में भी अपना विस्तार करेगी।उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की कार्यशैली और पार्टी की नीतियों प्रत्येक वर्ग के हित में होने के कारण युवा सहित सभी वर्गों में खासा उत्साह है। उन्होंने जेजेपी के खाते वाली नूंह नगर परिषद सीट जिताने पर लोगों को बधाई दी। मीटिंग में डिप्टी स्पीकर जिला प्रभारी आजाद मोहम्मद,जिला अध्यक्ष इकबाल जैलादार,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरूद्दीन,जेजेपी प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया,पूर्व प्रत्याशी तैयब हुसैन घासेडिया,पूर्व प्रत्याशी अमन अहमद,एड-वोकेट जावेद खान, जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन,प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन व युवा प्रधान वसीम अहमद,नूंह नगर परिषद चेयरमैन संजय मनोचा,आस मोहम्मद, इनसो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साकिर हुसैन ने भी युवाओं को 5 अगस्त को जयपुर में होने वाले इनसो स्थापना दिवस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में एमिनेंट पर्सन अनिल बंसल,नियाजू वीरशिका, पूर्व जिला अल्पसंख्यक प्रधान सिराजुद्दीन शि-राज, आरिफ खान,देवेंद्र भारद्वाज, जान मोहम्मद,वरिष्ठ नेता गणेश दास अरोड़ा,समसुद्दीन गूमल,जगदीश पंडित,डाक्टर जावेद,सहसचिव जावेद सालाहेडी, पूर्व सरपंच जगदीश,तालिम हुसैन,सैफ अली,राजू कटारिया,उमर,आफताब अहमद,लियाकत अली, मौहम्मद नसीम,सहित जिला नूंह के पार्टी पदाधिकारी,सक्रिय कार्यकताओं,युवा साथी तथा अनेक समर्थक उपस्थित रहे।

# चार गांवों में 852 ड्रापआउट बच्चों की पहचान, 252 का स्कूलों में कराया दाखिला

## विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडङ्गे का है लक्ष्य : समीम अहमद





नूंह। सामाजिक संस्था सिक्विन द्वारा नूंह खंड के गांव घासेड़ा व टपकन स्थित स्कूल स्टाफ के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्कूल स्टाफ व संस्था के पदाधिकारियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस मौके पर सिक्विन संस्था प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर समीम अहमद ने बताया कि सिक्विन संस्था कि शुरूआत सारा अब्दुल्ला पायलट व लोराप्रभु ने मिलकर की थी। जो कि पिछले 10 वर्षों मेवात के अलग अलग गावों में काम कर रही है। इस वर्ष सिक्विन संस्था घासेड़ा, रोजका, रेहना व टपकन गांवों में ड्रॉपआउट व नेवर इनरोलेड बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडङ्गे के लिए कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष अभी तक उनकी टीम ने चार गावों में घर घर जाकर सर्वे 852 ड्रॉप आउट व नेवर इनरोलेड बच्चों की पहचान की है। इनमें से 261 बच्चों स्कूल में दाखिला करा दिया है ओर आगे भी दाखिले का प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए उनकी टीम गांवों में स्कूल अध्यापकों, आंगनवाड़ी वर्करों व आशा वर्करों सहित गांव के जिम्मेदार लोगों का सहयोग ले रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ अध्यापकों की बैठक की। इस दौरान उनके साथ घासेड़ा स्कूल के मुख्यअध्यापक मोहम्मद कासिम व टपकन स्कूल की मुख्यअध्यापिका मुकेश ने उनको आश्वासन दिया कि बच्चों के दाखिला के लिए पूरी मदद करेंगे। संस्था प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर समीम अहमद ने बताया कि सिक्विन संस्था का मकसद ही मेवात में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने की पूरी कोशिश जारी है ओर आगे भी इस तरह जारी रहेगी। इस मुहिम में संस्था की सीनियर टीम में सारा अब्दुल्ला पायलट, लोराप्रभु, नसीम खान मेवात में शिक्षा को लेकर बेहद फिक्रमंद हैं। इस मौके पर आसीन, वेद प्रकाश, जसवंत, अशोक कुमार, रवि कौशिक, नजिया, ललिता , सरोज, सकुनत, साकिर, समीम अहमद व मोहम्मद युनूस मौजूद रहे।
फोटो : स्कूल सदस्यों के साथ बैठक

# संक्षिप्त न्यूज

## आरजेडी विधायक प्रकाशवीर को कोर्ट ने सुनाई सजा

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो ( धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा :रजौली के राजद विधायक प्रकाशवीर को छह माह की सजा सुनाई गई है. विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट के जज कुमार अविनाश ने फैसला सुनाया। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में उन्हें सजा सुनाई गई है। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में प्रकाशवीर बतौर लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे थे। बिजली के खंभे पर बड़ी संख्या में पोस्टर मिला था। जिसके आलोक में रजौली थाना में तत्कालीन थानाध्यक्ष नारायण राम ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रजौली थाना में कांड संख्या 114/05 दर्ज किया गया था। अब उसी मामले में उन्हें सजा सुनाई गई है. बता दें कि नवादा जिले के रजौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक है। अपीलीय बेल बांड पर वे मुक्त कर दिए गए हैं। बिहार संपत्ति विरुपण निवारण अधिनियम के तहत सजा मिली है।



## बीईओ की मनमानी के कारण बीआरसी में फैली है अराजकता:-प्रमुख बीईओ पर बीआरसी कार्यालय नहीं आने का जनप्रतिनिधियों ने लगाया आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

कौआकोल। कौआकोल प्रखण्ड प्रमुख रीना राय एवं उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कौआकोल बीईओ सुशील कुमार की मनमानी पूर्ण रवैय्ये के कारण बीआरसी कार्यालय में पूरी तरह अराजकता फैल गई है। बीआरसी कार्यालय को बीईओ द्वारा राजनीति का केंद्र बना दिया गया है। प्रमुख-उपप्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि बीईओ महीना में एक या दो बार कौआकोल आते हैं तथा नवादा में ही एक शिक्षक के निजी मकान में रहकर सरकारी ड्यूटी का कॉलम पूरा कर रहे हैं। जिससे बीआरसी कार्यालय सहित प्रखण्ड के विद्यालयों में भी पठन पाठन कार्य सहित अन्य व्यवस्था चरमरा कर रह गई है। जनप्रतिनिधियों ने बीईओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीईओ जनप्रतिनिधियों के द्वारा किये गए शिकायतों पर कार्रवाई करना तो दूर शिकायत करने के बाद फोन भी उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं। प्रमुख एवं उपप्रमुख ने नवादा डीएम से बीआरसी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर लापरवाह बीईओ पर कार्रवाई करने की मांग की है।



## उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी गुलनी से स्मार्ट क्लास की एलईडी चोरी।

**दैनिक समाज जागरण**

पकरीबरावां( नवादा) पकरीबरावां प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी गुलनी से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना गुरुवार की मध्यरात्रि की बताई जा रही है, जहां चोरों ने मेन गेट एवं वर्ग कक्ष का ताला काटकर स्मार्ट क्लास के लिए लगाए गए एलईडी टीवी समेत हजारों के सामान की चोरी कर ली है।

इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार ने बताया कि गुरुवार की मध्य रात्रि को चोरों ने विद्यालय के मेन गेट एवं वर्ग कक्ष का ताला तोड़कर कमरे में रखे 54 इंच का एलईडी स्मार्ट टीवी, 2 साउंड बॉक्स एवं एक सेटअप बॉक्स की चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वे जब विद्यालय पहुंचे, तब बच्चों ने मेन गेट एवं वर्ग कक्ष का ताला टूटे होने की जानकारी दी। कमरे में गया तो स्मार्ट क्लास के एलईडी टीवी समेत साउंड बॉक्स एवं सेट अप बॉक्स गायब पाया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराई गई है।

इधर, चोरी की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने मामलें की जांच की।

## बिजली को लेकर ग्रामीणों ने काटा बवाल,जिप सदस्य का किया घेराव

**दैनिक समाज जागरण**

कौआकोल। प्रखण्ड में इन दिनों लगातार लचर होती जा रही विद्युत व्यवस्था से खिन्न खाये ग्रामीणों ने शुक्रवार को सड़कों पर उतरकर जमकर बवाल काटा। इस दरम्यान आक्रोशित ग्रामीणों के कोपभाजन का शिकार उस रास्ते से गुजर रहे स्थानीय जिला पार्षद सदस्य नीतीश राज को होना पड़ा। जिला पार्षद ने बताया कि कौआकोल में खासकर पश्चिमी क्षेत्र के पाली,खड़सारी,दरावां,छबैल एवं मंझिला सहित अन्य पंचायत में बिजली की कुव्यवस्था से लोग काफी परेशान हैं। जिप सदस्य ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। जिप सदस्य ने भी चेतावनी दी है कि यदि अविलम्ब कौआकोल में बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया,तो विद्युत विभाग के प्रति व्यापक जनांदोलन किया जाएगा।

## 60 लीटर शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के कजरा थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा इन दिनों अपने कार्यों को लेकर बेहद मुस्तैद नजर आ रहे हैं खासकर कजरा थाना में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराध छवि वाले व्यक्तियों को लगातार उनके द्वारा अंकुश लगाने का कार्य किया जा रहा है जिसे कजरा थाना क्षेत्र इन दिनों काफी शांत नजर आ रहा है लेकिन शराब कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं शुक्रवार की अहले सुबह कजरा थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब कारोबार किए जाने की उन्हें सूचना मिली मिली सूचना को सत्यापित करने हेतु कजरा थाने के पदाधिकारी अक्षय सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों को घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करने की उनके द्वारा बात कही गई एवं उनके द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कजरा थाने के पुलिसकर्मी थाना क्षेत्र अंतर्गत लखना गांव में छापेमारी की गई तथा छापेमारी के दौरान कजरा पुलिस को 60 लीटर देसी महुआ शराब समेत दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता भी मिली एवं इस संदर्भ में कजरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया गया पिलखना गांव के दुख मोहन बिन के घर से देसी महुआ शराब बरामद किया गया जबकि अभियुक्त पुलिस को आता देख भागने में सफल रहा पुलिस ने 3 लोगों के ऊपर मामला दर्ज किया है जिसमें से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में बबलू कुमार और सिद्धेश्वर कोड़ा शामिल है एवं तीसरा अभियुक्त पुलिस को आता देख भागने में सफल रहा जिसे कजरा पुलिस उसकी सुनिश्चित गिरफ्तारी हेतु छापेमारी कर रही है उक्त मामले में कजरा थाना में उत्पात अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है



## नवादा डीएम ने अपने प्रकोष्ठ में शराब बंदी का समीक्षात्मक बैठक की।

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाः- उदिता सिंह जिला पदाधिकारी नवादा के अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में जिले में शराबबंदी की समीक्षात्मक बैठक किये। मद्य निषेध विभाग के द्वारा रजौली चेक पोस्ट पर जुलाई माह में केवल चार गाड़ियों को पकड़ा गया है जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद को सख्त निर्देष दिये कि 24 घंटे में सभी गाड़ियों को जॉच करना सुनिष्चित करेंगे। शराब से संबंधित कोई भी गाड़ी चेक पोस्ट से बिना जॉच के नहीं गुजरे। जुलाई माह में उत्पाद विभाग के द्वारा 234 और पुलिस विभाग के द्वारा 334 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस अवधि में 1315 स्थलों पर छापामारी की गयी है। होम डिलेवरी करने वालों पर भी पूरी सख्ती करने का निर्देश दिया गया। जुलाई माह में 23 से अधिक व्यक्तियों को होम डिलेवरी के आरोप में गिरफ्तारी की गयी है।

ब्रेथ एनेलाइजर से 3028 व्यक्तियों की जॉच की गई , जिसमें से 241 की गिरफ्तारी हुई है। शराब विनिष्टिकरण की 97.68 प्रतिसत हुई है। जुलाई माह में जप्त शराब की कुल मात्रा 3095 लीटर है। शराब के विनिष्टिकरण की मात्रा 324837 लीटर की गयी है।



राज्यसात होने के उपरान्त पुलिस विभाग के द्वारा 262 एवं उत्पाद विभाग के द्वारा 142 कुल 404 गाड़ियों को राज्यसात किया गया है।

ड्रोन के माध्यम से इस माह में 15 स्थलों पर छापामारी की गयी है जिसमें दो व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ड्रोन के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में औचकछापामारी करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने दंडाधिकारी को कहा कि विभागीय निर्देश के आलोक में पकड़ी गयी गाड़ियों को यथाशीघ्र राज्यसात करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डॉ0 गौरव मंगला पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि पुलिस के द्वारा पकड़ी गयी गाड़ियों का भी विधि-सम्मत राज्यसात करायें।

आज की बैठक में डॉ0 गौरव मंगला पुलिस अधीक्षक नवादा, शअनिल कुमार आजाद उत्पाद अधीक्षक, उमेश कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, उपेन्द्र प्रसाद एसडीपीओ नवादा सदर, संजय कुमार सिंह पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, सत्येन्द्र प्रसाद डीपीआरओ , प्रियंका सिंहा एसडीसी, अमु अमला एस-ाडीसी, पंचम दांगी डीपीएम जीविका प्रबंधक नवादा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी है।

## प्राईवेट स्कूल संचालकों को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नहीं दिया जा रहा है आर0टी0ई की राशि किया जा रहा हैं टालमटोल

**दैनिक समाज जागरण गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार**

फळ.ए. की राशि भुगतान करने की दिशा में माननीय जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया द्वारा लापरवाही के कारण प्राईवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि सर्वविदित है कि शिक्षा जगत में हम निजी विद्यालयों की भूमिका सर्वोपरी है। समय- समय पर केन्द्र, राज्य एवं जिला स्तर पर सरकार के अनेक आदेश हम निजी विद्यालयों को दिया जाता रहा है, जिसे निजी विद्यालय संचालक मानते हैं और स-समय पूरा भी करते हैं फिर भी शिक्षा विभाग हम निजी विद्यालयों के प्रति उदासीन रहती है।

कोरोना महामारी काल में सारे निजी विद्यालयों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। अपनी दीनता की अनेक गुहार लगाने पर राज्य सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा कोरोना काल में ही जिला शिक्षा कार्यालय को संबंधित निजी विद्यालयों के विगत 5 वर्षों से बकाये फळ.ए. की राशि भुगतान हेतु भेजी गयी। लेकिन दुःखद स्थिति है कि फळ.ए. की राशि विद्यालयों को भुगतान न करके पुनः ड्ट राज्य सरकार को लौटा दी गई। ये क्रम दो बार चलने के बाद पुनः हम निजी विद्यालयों के आग्रह पर सत्र 2017-18 एवं 2018-19 की फळ.ए. की बकाया राशि माननीय उप सचिव शिक्षा विभाग बिहार सरकार के पत्रांक 8 / व. 3-55/2012 ( अंश - 76 दिनांक 21.10.2021 को गया जिला शिक्षा कार्यालय को 44,16,425 /= चौवालीस लाख सोलह हजार चार सौ पच्चीस रुपए तथा पत्रांक 8 / व० 3-55 / 2012 ( अंश) 117 दिनांक 10.01.2022 को 33,72,685 /= तेतीस लाख बहत्तर हजार छः सौ पचासी रुपए अर्थात कुल 77,89,110 (सत्तर लाख नवासी हजार एक सौ दस) रुपए विगत 8ः9 माह से गया जिला शिक्षा पदाधिकारी




को उपलब्ध कराया जा चुका है लेकिन माननीय जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्राइवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन से दो-तीन आवेदन देने के बाद भी तथा जिला शिक्षा कार्यालय से हम निजी विद्यालयों की जाँच आदी करवाने के बाद भी अब तक फळ.ए. की राशि भुगतान करने की मानसिकता नहीं बनी है।

फळ.ए. के अन्तर्गत अलाभकारी शिशुओं के नामांकन के लिए प्रतिवर्ष सरकार हम निजि विद्यालयों पर दबाव बनाती है तथा अनेक कड़े नियम पारित करती है जिसे हम पूरा करते हैं, लेकिन जब फळ.ए. की राशि भुगतान करने की बात आती है जो राज्य सरकार यदि कुछ सहानुभूति दिखती भी है तो जिला शिक्षा कार्यालय राशि उपलब्ध होने के बाद भी जानबूझ कर अनेक नुक्स लगाकर राशि को या तो लौटा देने में विश्वास रखती है या फिर हम निजी विद्यालयों के आर्थिक कष्ट को बढ़ाने अथवा भुगतान न करने में आनन्द का अनुभव करती है।

स्पष्ट है हम निजी विद्यालय अपनी पूँजी एवं असीम मेहनत से अच्छे गुणवत्ता योग्य विद्यालय चलाते हैं। यदि फळ.ए. की राशि भुगतान करने में सरकार को कष्ट का अनुभव होता है तो फळ.ए. का प्रावधान ही हम निजी विद्यालयों के लिए बन्द कर देना चाहिए। सरकार के विद्यालयों की व्यवस्था एवं शिक्षा की गुणवत्ता में हम निजी विद्यालय कहीं पीछे नहीं हैं और न ही हम सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हैं ।

अतः फ ळ.ए. के बच्चें को नामांकन अपने विद्यालयों में लेने के लिये बाध्य न किया जाय। फळ.ए. की राशि भुगतान की दिशा में माननीय जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया की उदासीनता पर दुःख जताते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष श्री राम स्वरूप विद्यार्थी एवं सचिव श्री बिनोद लाल मेहरवार ने कहा कि विगत दस माह पूर्व से भुगतान हेतु आयी हुई फळ.ए. की राशि यथाशीघ्र अधिकतम एक सप्ताह के अन्दर भुगतान की जाय अन्यथा हम निजी विद्यालय जिला शिक्षा कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य हो जायेंगे।

वार्ता में एसोसिएशन के माननीय पदाधिकारी / सदस्य श्री ज्योति प्रकाश सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, उदय कुमार भास्कर, बृज राज, शैलेन्द्र कुमार, सुरेश प्रसाद, रवि अवतांश, जयप्रकाश, संतोष कुमार, प्रवीण रंजन, अरविन्द कुमार सिन्हा, मो. अर्फीन शैफी, धीरेन्द्र कुमार, दीपक तीवारी एवं अन्य पचास निजी विद्यालयों के संचालकों ने गया-जिला शिक्षा पदधिकारी के द्वारा फळ.ए. की राशि भुगतान न करने का विरोध जताया।

## बज्रपात से कुर्था बाला पर निवासी एक महिला की हुई मौत।

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार कुर्था (अरवल )**

कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था वाला पर निवासी मुनेश यादव की धर्म पत्नी तेतरी देवी का मौत वज्रपात के कारण गुरुवार को हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेतरी देवी कुर्था बाला के समीप बधार में धान रोपने एवं भैस चारने गई थी। इसी दौरान अचानक बारिश होने के कारण वह अपने घर लौट रही थी कि रास्ते में बज्रपात के कारण घटनास्थल पर ही उसका निधन हो गया जैसे ही इस बात का पता उसके साथ काम करने वाली महिला को मिला तो इसकी सूचना घर वालों को दिया। जहां उसके परिजन उसे प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था लाएं , जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया हालांकि कुर्था थाना प्रभारी उमा शंकर सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर अग्रेतर कार्रवाई करने में जुट गई है। बताते चलें कि पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था से अरवल के लिए रवाना कर दिया गया। जबकि कुछ जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था परिसर में 21 स्ट्रीट लाइट में मात्र 5 लाइट हीं प्रकाश दें रहीं हैं। इतनी बड़ी लापरवाही अस्पताल प्रबंधक कैसे कर सकते हैं? आखिर अस्पताल परिसर कैसे रह सकता है, इसी तरह के तमाम सवाल लोगों के उठ रहें है. जबकि इनके परिवार के ईस दुःख कि घड़ी में साहस बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय विधायक वागी कुमार वर्मा, बारा पंचायत के मुखिया मलक यादव, सचई पंचायत के मुखिया किशोरी साव, पूर्व मुखिया मुन्ना आलम, जमालुद्दीन अंसारी, रामप्रवेश यादव, समाजसेवी अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, रमेश यादव, फूल कुमार, सुनील यादव, रामदीप यादव एवं दर्जनों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उनहोंने सरकार से उचित मुआवजा की मांग किये।



## चौखट संस्था के द्वारा आगामी प्रेमचंद्र की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल किया

**दैनिक समाज जागरण**

नवादाः- जिले के आंती पंचायत स्थित अंबेडकर पुस्तकालय के सभागार में पिछले कई दिनों से यहां नाटक का रिहर्सल किया जा रहा है। अभिनेता सागर इंडिया अपनी टीम के साथ आगामी प्रेमचंद्र की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए अपने नाटक - पन्नों में प्रेमचंद - की तैयारी कर रहे हैं।यह नाटक एकल अभिनीत है यह नाटक मुंशी प्रेमचंद के जीवन चक्र पर आधारित है उनके साहित्य पर उनके जीवन को छूने की कोशिश करता है। नाटक के लेखक निर्देशक व अभिनेता सागर इंडिया, संस्था चौखट के बैनर तले यह नाटक तैयार किया गया है, पिछले कई दिनों से लगातार चौखट संस्था इस नाटक को लेकर काम कर रही हैं। जिसमें मंच से परे सेट डिजाइन के रूप में - सावन इंडिया, सेट प्रॉप्स - समीर कुमार , कॉस्ट्यूम - रोशन कुमार , मेकअप - निशांत कुमार , म्यूजिक - दीपक और एजाज

कार्यक्रम संयोजक की भूमिका में नरेंद्र सिंह देखें जाए गे।इस नाटक की प्रस्तुति अंतरराष्ट्रीय कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर किया जाएगा।आयोजक प्रगतिशील लेखक संघ के द्वारा 31 जुलाई को आरएमडब्ल्यू कॉलेज के समीप मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर के सभागार में नाटक का मंचन होगा साथ ही विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन भी इस कार्यक्रम में होगा जिले के वरिष्ठ साहित्यकार व कवि कलाकार व बुद्धिजीवी वर्ग इस कार्यक्रम में उपस्थित हो रहे हैं।नाटक के संवाद के कुछ अंशों में प्रचलित अंश पूस की रात है,

आधी अभी बात है... जैसे नाटक के विषय में - मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं समाज को आईना दिखाने का काम करती है, निर्देशक ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन को मंच पर प्रस्तुत करने के लिए मुंशी प्रेमचंद के जीवन को छूने की पूरी कोशिश की है, लेखक के तौर पर इस नाटक में मुंशी प्रेमचंद आज के समय में पन्नों पर वैसे ही मिलते हैं, जैसे उनके जमाने में समसामयिक घटनाएं आज भी उनकी कहानी भाव विभोर कर देता है, एक अभिनेता के रूप में सागर इंडिया ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन को आत्मसाध करने की पूरी कोशिश की है।

## बालू माफिया द्वारा हर रोज प्रशासन को चकमा देकर बालू बेच रहे हैं।

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा :पूरे नवादा जिले में बालू तस्करी में अजब गजब का खेल हो रहा है। रात में बालू की उठाव और बाहर ले जाया जाता है।ए बालू माफिया बाहर का चालान दिखा कर इस जाल फरेबी के तिलस्म को ढाहने में अधिकारी भी फेल हो रहे हैं। तस्करों की चांदी कट रही है।रात में बालू माफिया वाले बालू का उठाव बेहिचक करते हैं और जब रोड पर आ जाते हैं तो वे शेर हो जाते हैं।आप नवादा शहर में घूम कर देख सकते हैं कितना बालू हर रोज गिरा रहता है।

एक दिलचस्प वाकया बताते हैं। गुरुवार 28 जुलाई को वारिसलीगंज में एक पुलिस अफसर ने संदेह के आधार पर एक बालू लोड ट्रक को पकड़ा। ट्रक बालू लोड कर बरबीघा की ओर जा रहा था।

ट्रक को थाना लाया गया। चालक खलासी पुलिस अभिरक्षा में थे।

चालक के पास गया का चालान था। जिसपर पुलिसवाले को संदेह था। जानकारी हुई तो ट्रक मालिक थाना पहुंचे। बताया की चालान असली है। खनन विभाग से जांच कराई गई तो चालान को सही करार दिया गया। फिर भी पुलिस अफसर का संदेह



खत्म नहीं हुआ। कहा की चालान सही है, लेकिन बालू गया का नहीं लोकल है।पेंच फंस चुका था। इधर ट्रक मालिक वहां छोड़ने का दवाब बना रहे थे। रास्ता नहीं निकल रहा था। आगे बात पुलिस कप्तान तक थाना स्तर से पहुंचा दी गई। ट्रक मालिक को बताया गया की एसपी साहब रुकने को बोले हैं। काफी वक्त बीत गया और ट्रक नहीं छूटा। चूकि बात बड़े साहब तक पहुंची हुई थी। ट्रक मालिक चालान का समय फेल होने की दुहाई दे रहे थे। उन्हें समझाया जा रहा था की जितना समय डिटेन किया गया है उस अवधि का कागजात बनाकर दे देंगे। समय बीतता रहा और कोई निर्णय नहीं हो सका। तब ट्रक मालिक सीधे नवादा एसपी के पास पहुंच गए। तब एसपी ने अपने स्तर से सत्यापन कराया। फिर उनके निर्देश पर वाहन को मुक्त किया गया।ट्रक को छोड़ने के लिए जिला खान निरीक्षक अमित कुमार को वारिसलीगंज पहुंचना पड़ा। ट्रक तो मुक्त हो गया लेकिन इसके बाद बड़ा ऑपरेशन शुरू किया गया। और मसन खावां के पास मरलाही नदी में कुछ घंटे के अंतराल पर खनन विभाग के इंस्पेक्टर अमित कुमार ने वारिसलीगंज थाना की पुलिस के सहयोग से 2 बार छापेमारी कर 7 ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। जब्त ट्रैक्टर आसपास के गांवों का बताया जा रहा है।

## गया में अपराधियों के हौसले बुलंद थाना अधिकारी मौन, क्यों? क्या पुलिस प्रशासन नहीं करती हैं गस्ती?

**दैनिक समाज जागरण गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार**

बिहार का मैनचेस्टर मानपुर पटवा टोली में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।आये दिन यहाँ छोटे छोटे अपराध से लेकर लूट,मर्डर रंगदारी जैसे लगातार घटना घट रही हैं लेकिन थाना के गस्ती में कमी के कारण ।बीते दिन पत्रकार राजू पटवा सहित 10 लोगों से मारपिट करते हुए मोबाइल छीन लिया गया था। दो थाना क्षेत्र के मुफस्सिल और बुनियादगंज में अपराधियों पर नकेल कसने में थाना के अधिकारियों विफल है। बिहार सरकार अपराध पर रोक लगाने के लिए 112 न0 की स्पेशल गस्ती वाहन दिया गया जो दिन के उजाले में जहाँ तहां खड़ी नजर आती है लेकिन रात में क्या? करती हैं यह विचारधीन है। पुलिस गस्ती के अभाव में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा हैं और अपराधी घटना को लगातार अंजाम देते जा रहे हैं,पत्रकार राजू पटवा ने बताया कि



मैं समाचार संकलन कर लगभग नौ बजे रात को घर वापस जा रहा था तभी कुछ दूरी पे पहले से घात लगाएं चार पांच की संख्या में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।उसके बाद कुछ और लोगों का भी मोबाईल फोन छीनकर भाग गए। थाना के अधिकारियों ने बताया कि रात में आपलोग घूमते हैं तो इस तरह की घटना होना बड़ी बात नहीं है ज्ञात हो कि मानपुर पटवा टोली में चौबीसों घंटे उद्योग मशीन पर काम चलता रहता है।अगर यह स्थिति रहा तो एक दिन यहाँ से यह औद्योगिक नगरी भी पलायन करने के लिए मजबूर हो जाएगा वहीं समाजसेवी रवि बर्नवाल उर्फ गुड्डु वर्णवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशासन के लाईन एंड ऑर्डर पे तिखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गया की जनता को कौन करेगा सुरक्षा भगवान या प्रशासन? आखिर करती क्या है पुलिस? ड्यूटी या विश्राम यदि ड्यूटी करती तो,कैसे हो जाती हैं क्राईम एक तरफ बिहार के मुख्यमंत्री बिहार में सुशासन सरकार की बात करती हैं तो दूसरी ओर थाना के अधिकारी द्वारा ड्यूटी में लापारवाही बरतने से अपराधी घटना को अंजाम देते रहते हैं

## भाजपा के द्वारा इटवां सूर्य मंदिर परिसर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

**जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार**

अरवल प्रखंड अंतर्गत इटवां सूर्यमंदिर परिषर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्री दीपक कुमार शर्मा जी ने किया जबकि संचालन भाजपा के प्रवक्ता भास्कर कुमार ने किया।इस किसान चौपाल में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव जी एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य पपया गोड जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । किसान चौपाल में किसानों की समस्याओं से रूबरू होने का अवसर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को मिला और उसका निराकरण करने का अथक प्रयास एवं किसानों के बीच जाकर भरोसा दिलाया एवं कहा कि आप के हितों की रक्षा एवं आपका अधिकार की लड़ाई हमेशा से भारतीय जनता पार्टी करती आई है और आगे भी जारी रहेगा। किसानों ने बताया की यूरिया खाद कि काफी किल्लत है समय पर नहीं मिल पा रहा है एवं सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं है जो काफी गंभीर एवं चिंताजनक बात है वक्ताओं ने कहा की किसान इस देश के अन्नदाता है इनकी समस्याओं को भारतीय जनता पार्टी गंभीरता से लेती है और अविलंब सभी समस्याओं पर विमर्श कर सभी समस्याओं को निष्पादित करने का कार्य किया जाएगा किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने का भरोसा दिया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राम विनय शर्मा जी एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगदीश यादव जी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरेंद्र नारायण जी ,भाजपा महामंत्री श्रीकांत शर्मा जी ,भारद्वाज गिरी जी इसकार्यक्रम के प्रभारी कन्हैया चंद्रवंशी जी ,मनीष बरमहारसी जी ,शशि भूषण भट्ट जी ,गौरव जी ,प्रिंस जी ,सुजीत भारती ,एवं अनेको किसान उपस्थित हुए।



## जिला पदाधिकारी अरवल के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार**

अरवल :- अरवल से सुश्री जे प्रियदर्शनी जिला पदाधिकारी अरवल के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी कार्यालय वेशम में आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में 35 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे भूमि विवाद, राजस्व, अतिक्रमण, मारपीट आवास योजना, आपूर्ति कृषि,मनरेगा लघु सिंचाई तथा नल जल योजना आदि विभागों से संबंधित आवेदन को शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अरवल प्रखंड के रोजा पर ग्राम निवासी जनता दरबार गुहार लगाई कि मेरी मिट्टी का मकान था जो आंधी तूफान में गिर गया है, आवास योजना के तहत मकान बनवाने की कृपा की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अपरसमाहर्ता,अरवल को त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वंशी प्रखंड स्थित तुर्क तेलपा ग्राम के ग्रामीण जनता द्वारा अपने फरियाद में कहा कि हमारे गांव में नल जल योजना के तहत हर घर में नल का जल नहीं मिल पा रहा है, कृप्या कर पानी सप्लाई कराया जाए, इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी अरवल को त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कुर्था थाना के गोकुलपुर ग्राम के शांति देवी ने अपनेफरियाद में कहा कि मेरा पुत्र राहुल कुमार पढ़ने के लिए रूम खोजने के लिए गया गया था पर अब तक नहीं लौटा। मेरे गांव के हीं अर्जुन यादव बगैरा रास्ते में ही मेरे पुत्र को अपहरण कर लापता किए हुए हैं, मेरे पुत्र को बरामद कराते हुए कानूनी कारवाई की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक अरवल को त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। करपी प्रखंड स्थित ग्राम अईयारा के अंजनी कुमार द्वारा आरोप लगाया गया कि मनरेगा योजना के द्वारा पईन उड़ाही के नाम पर काफी अनियमितता बरती गई है और सरकारी राशि का गबन किया गया है, इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशक डीआरडीए अरवल त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही साथ पूरी जवाबदेही के साथ संबंधित आवेदक की शिकायत एवं समस्याओं को निष्पादन समय पर सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिया गया।



## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, शव लेकर परिजन हुए फरार

**औरंगाबाद केशव कुमार सिंह दैनिक समाज जागरण**

शुक्रवार की सुबह रिसिअप थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में एक महिला ने पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जब सदर अस्पताल के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुये पोस्टमार्टम कराने हेतु नगर थाना पुलिस को बुलाया तो परिवार के लोगों ने पुलिस आने के पहले ही महिला के शव को लेकर फरार हो गया।मृतक महिला की पहचान उसी गांव निवासी कुंदन कुमार के 24 वर्षीय पत्नी अर्शी देवी के रूप में हुई हैं।घटना के बारे में पता चला कि घरेलू विवाद के कारण महिला ने फांसी लगाई थी।जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां डियुटी पर रहे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।इधर मृतक के परिजनों ने बताया कि महिला घर मे कपड़ा पसार रही थी।इसी बीच पंखे के चपेट में आ गई जिसके कारण उसकी मौत हो गई हैं।मामला चाहे जो भी हो लेकिन शव लेकर भागना चर्चा का विषय बना हुआ है।वैसे शव लेकर भागने की सूचना रिसिअप थाना पुलिस को ले दी गई हैं।

## जहानाबाद जिला सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 फुटबॉल टीम (बालक वर्ग) ट्रायल के आधार पर हुआ चयन। पटना में होने वाली प्रतियोगिता में यह टीम लेगी हिस्सा।

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से बरुण कुमार**

जहानाबाद स्टेडियम, एरोड्रम में जिला सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 फुटबॉल (बालक वर्ग) ट्रायल के आधार पर टीम का चयन किया गया है। जो राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में पटना में जहानाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। इस ट्रायल बालक वर्ग में कुल 8 टीम (तीन निजी विद्यालय एवं पांच सरकारी विद्यालय )ने भाग लिया, टीम का नाम इस प्रकार है। उच्च विद्यालय काको, उच्च विद्यालय,दाउदपुर, कायनात इंटरनेशनल स्कूल, पीपीएम उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय इक्किल, उच्च विद्यालय गौतम बुद्ध ,उच्च विद्यालय शकूराबाद, रॉयल कान्वेंट पब्लिक स्कूल घोसी, इसमें पहला मैच उच्च विद्यालय, काको एवं एवं उच्च विद्यालय, दाउदपुर कल्पा के बीच हुआ। जिसमें उच्च विद्यालय, दाउदपुर की टीम ने उच्च विद्यालय, काको की टीम को हराया।फाइनल मैच कायनात इंटरनेशनल स्कूल और उच्च विद्यालय इक्कील के बीच खेला गया जिसमें कायनात इंटरनेशनल स्कूल ने उच्च विद्यालय इक्किल को 3-2 से हराया। विजेता टीम के खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार है। फैजन अहमद, मोहम्मद आतिफ हाशमी, रिशु कुमार, आतिज इलियाज, असद आलम, प्रियांशु राज, मोहम्मद अदनान आलम, शाकिब कुरेशी, अलवसर अंसारी, ऐन अलहकन एटोर रहमान, अमन हसन, सैयद मोहम्मद बाद रुद्दीन, शाहिद राज मोहम्मद साहिल अंसारी एवं उपविजेता टीम खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार है। सौरभ कुमार, अभिमन्यु कुमार,मिठू कुमार, शुभम कुमार, सब निवास कुमार, निशांत कुमार, शुभम राज,अमित कुमार, चुन्नू कुमार, दीपक कुमार, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, नीतीश कुमार है।



विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को जिला खेल पदाधिकारी सुश्री निकिता द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करने में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रोशन आरा, विकास कुमार ( शारीरिक शिक्षक), राकेश रंजन (शारीरिक शिक्षक), हिमांशु शेखर (शारीरिक शिक्षक), अखिलेश कुमार (शारीरिक शिक्षक), संजय कुमार (शारीरिक शिक्षक),विपिन कुमार (शारीरिक शिक्षक), गौरव कुमार (शारीरिक शिक्षक उज्जवल कुमार (शारीरिक शिक्षक), पंकज कुमार( शारीरिक शिक्षक),अरुण कुमार (शारीरिक शिक्षक), बिट्टू कुमार (डाटा एंट्री ऑपरेटर) द्वारा पूरा सहयोग दिया गया।

## स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जेएलएनएमसीएच के सामने जल्द बनेगा नाइट सेल्टर होम।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर में स्मार्ट सिटी की परियोजना के द्वारा जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने नाइट शेल्टर होम जल्द चालू होगा। ।इस नाइट शेल्टर होम में 100 वेट के साथ कैंटीन,पार्किंग की अच्छी व्यवस्था की जाएगी।कैंटीन में मरीज के रात आने वाले व्यक्ति को सरकारी मूल्य पर खाना उपलब्ध कराया जाएगा। इस संदर्भ में जब नगर



आयुक्त डॉ योगेश कुमार सागर से बात की तो उन्होंने कहा इस सैंडिस कंपाउंड के साथ-साथ इसे भी जल्द चालू कर दिया जाएगा।

## बिहार झारखंड के बॉर्डर पर एक अनियंत्रित हाईवा दो घरों में घुसी, आधा दर्जन लोग हुए दुर्घटनाग्रस्त, मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान दो यूवक की हुई मौत, दो की की स्थिति नाजुक।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर।बिहार और झारखंड के बॉडर गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के बनोधा गांव में देर रात तेज रफ्तार से एक हाइवा ओनियंत्रित होकर दो घर मे घुस गया । हादसा में एक युवक की मौके पर मौत हो गया है और दो लोगो को इलाज के दौरान भागलपुर के मायागंज



अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है और चार लोगों का इलाज चल रहा है जिसमें दो की हालत नाजुक बनी हुई है । घटना के बाद परिवार वालों के बीच कोहराम मचा हुआ है और मेहरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर हाइवा गाड़ी को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है ।

## युवा शक्ति संगठन की ओर से आठवां सीनियर मेंस एंड विमेनस स्टेट्स रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप का तीन दिवसीय आयोजन 30 जुलाई से सैंडिस कंपाउंड मैदान में।

**भागलपुर समाज जागरण**
**राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

युवा शक्ति संगठन की ओर से आठवां सीनियर मेंस एंड विमेंस स्टेटस रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन सैंडिस कंपाउंड भागलपुर में 30 जुलाई से 1 अगस्त तक होने जा रहा है ।यह जानकारी प्रेसवार्ता कर युवा समाजसेवी व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शक्ति संगठन के विजय कुमार यादव ने दी, उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री सह रग्बी खेल संरक्षक बिहार सरकार के श्रवण कुमार के द्वारा किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के आयोजन में 26 बालक वर्ग की टीम एवं 18 बालिका वर्ग की टीम भाग लेगी। जिसमें पटना, नालंदा, नवादा, भोजपुर, वैशाली, दरभंगा, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर ,सुपौल, भागलपुर, मधेपुरा ,शेखपुरा, सारण, समस्तीपुर ,छपरा ,सिवान, पश्चिम चंपारण, अररिया, लखीसराय, बक्सर, औरंगाबाद, गया, मुंगेर, खगड़िया ,पूर्णिया, जमुई, मधुबनी, बांका जिला के खिलाड़ी भाग लेंगे। आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में युवा समाजसेवी विजय कुमार यादव के अलावे सुमित मुखर्जी ऊर्फ मामू, भागलपुर रग्बी सेक्रेटरी राज गौरव, बिहार रग्बी डेवलप पदाधिकारी गौरव चौहान, भागलपुर रग्बी कोच कुणाल कर्ण के अलावे खेल पदाधिकारी एवं दर्जनों खिलाड़ी मौजूद थे।

## स्मृति ईरानी और सोनिया गांधी के बीच हुई नोकझोंक पर बिहार में बवाल, अलग-अलग जिले में स्मृति ईरानी का पुतला दहन।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

आमतौर पर शांत रहने वाली सोनिया गांधी संसद में गुस्से में दिखी थी, उनमें और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी में तीखी नोकझोंक भी हुई, जिसके बाद सोनिया गांधी गुस्से में आकर स्मृति ईरानी से कहा कि मुझसे बात मत करो, दरअसल पूरा मामला कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के उस बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किया था, जिसके बाद सदन में हंगामा हो गया, जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने बिहार के अलग-अलग जिले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्मृति ईरानी का पुतला दहन किया, इसको देखते हुए कांग्रेस कार्यकताओं ने आज भागलपुर स्टेशन चौक पर भी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला दहन किया, उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी से इस प्रकार की वातालांप कहीं से भी सही नहीं है वहीं उन्होंने बीजेपी पर भी तंज कसते हुए कहा कि जब बीजेपी सरकार विफल साबित हो जाती है, तब पुलिस को आगे कर देती है, यही नहीं उन्होंने बीजेपी के केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोनिया गांधी से हुई नोकझोंक पर भी सवाल उठाया और कहा कि सोनिया गांधी से माफी मांगने चाहिए!

## भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से केंद्रीय मोर्चा कार्यकारिणी सदस्यों ने दूसरे दिन भी किए कई कार्यक्रम,बाहर से आई अतिथियों ने भागलपुर के कई धार्मिक स्थलों को देखा।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

बिहार में आम जनों से जुड़कर संवाद स्थापित करने एवं संगठन को मजबूत करने पर हुई वार्ता

भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा द्वारा केंद्रीय मोर्चा कार्यकारिणी के महिला कार्यकताओं के साथ आज भागलपुर के वृंदावन विवाह भवन प्रांगण में कार्यक्रम आहूत की गई । इस कार्यक्रम से पहले अतिथियों ने बूढानाथ का दर्शन किया ,उसके बाद महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया ,फिर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का भी भ्रमण किया , साथ ही स्मार्ट सिटी के तहत बन रहे सैंडिस कंपाउंड का भी भ्रमण किया, साथ ही साथ जैन मंदिर को भी देखा उसके बाद ईश्वरनगर में बूथ बैठक को लेकर एक कार्यक्रम की गई, फिर वृंदावन हॉल में सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बिहार के अलावे कई जगहों से भारतीय जनता पार्टी की महिला संगठन की अधिकारी शिरकत की। आज के वृंदावन विवाह भवन में चल रहे कार्यक्रम के शुरूआत में सबसे पहले दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई उसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दिल्ली से आई राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या महिला मोर्चा की कायनात काजी ने बताया आज केंद्रीय मोर्चा कार्यकारिणी का दूसरे दिन का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है बिहार में भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करना साथ ही आम जनों से जुड़ कर उनसे संवाद स्थापित करना है ,जिससे हमारा संगठन मजबूत हो।

कार्यक्रम के दौरान कुंज बिहार की एमएलए मालवी रॉय, दिल्ली से आई कायनात काजी, लाजवंती झा, श्वेता सिंह, प्रीति शेखर , अनामिका ठाकुर, पूनम सिंह, अंजलि घोष, कुंदन कुमारी, पूजा कुमारी ,प्रेमलता शर्मा के अलावे दर्जनों भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की अधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थीं।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति भागलपुर शाखा के द्वारा लगाया जा रहा है 30 एवं 31 जुलाई को तीज धमाका एग्जीबिशन।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति भागलपुर शाखा के द्वारा 30 जुलाई एवं 31 जुलाई को तीज धमाका एग्जीबिशन का आयोजन घोड़ा का चौक समीप होटल विनीत में किया जा रहा है ।यह जानकारी संस्थान की अध्यक्ष सुनीता सराफ ने दी ।उन्होंने कहा मेले में खाने-पीने के सामान के अलावा घर की सभी जरूरी सामान के स्टाल भी लगाए जाएंगे । साथ ही मनोरंजन के लिए झूले और सेल्फी प्वाइंट भी लगाए जाएंगे। संस्था की अध्यक्ष सुनीता सर्राफ ने लोगों से अपील की है कि इस एग्जीबिशन मेला में आप सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में आए और इस तीज धमाका एग्जीबिशन का आनंद लें। आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में कन्वेनर के रूप में निशा सर्राफ, अरुणा सिंघानिया, जूही केजरीवाल, ज्योति खेतान, संध्या महेशका, बबीता गुप्ता, अनीता जैन, मीरा कोटरीवाल के अलावे प्रेसिडेंट सरिता सराफ सेक्रेटरी मीनू सरपुरिया और ट्रेसरर रैना गोयनका मौजूद थीं।

## जमीनी विवाद में रास्ते को लेकर दबंगों ने जमकर चलाए लाठी-डंडे, किया पिता पुत्र को घायल, लाखों रुपए के सोना के चैन भी छीने।

### दबंगों की दबंगई सर चढ़कर बोल रहा, मामला सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर। जमीनी विवाद मे रास्ते को लेकर 2007 से ही भोला मंडल और विजय कुमार सिंह के बीच विवाद चल रहा है। ताजा मामला रामसर ततारपुर थाना क्षेत्र का है। बताते चलें कि यह जमीनी विवाद इस कदर तूल पकड़ता जा रहा है कि किसी की भी जाने जा सकती हैं। 26 जुलाई की सुबह जब भोला मंडल के जमीन पर विजय कुमार सिंह और उनके पांचों पुत्र ने अचानक नापी करना शुरू कर दिया तभी विरोध करते हुए भोला मंडल ने कहा यह हमारी निजी जमीन है मैंने न्यायालय अनुमंडल पदाधिकारी सदर (कोर्ट) से हमें आदेश भी मिल चुका है और इसमें आपका कोई हिस्सा नहीं है, इसलिए नापी का काम बंद करें। तभी बाहुबली विजय सिंह के साथ साथ उनके पांचों बेटे अमित, अजीत, अभिषेक ,अश्वनी और छोटू उर्फ कन्हैया ने भोला मंडल और उनके पुत्र अनुज कुमार पर लाठी-डंडे और पिस्टल के बट से प्रहार करना शुरू कर दिया ,साथ ही अनुज कुमार के गले में तकरीबन डेढ़ भर सोने का चेन था जिसकी कीमत एक लाख रुपए से भी अधिक है ,उसे भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी दी । भोला मंडल का पुत्र अनुज कुमार ने बताया के हमलोगों ने जब नापी रोकने को कहा अनुमंडल पदाधिकारी सदर के द्वारा साफ तौर पर लिखा है की यह भूमि खतियान के आलोक में एक रैयती भूमि है तथा यह कोई लोक मार्ग नहीं है इसलिए इस जमीन का मालिक भोला मंडल है।



तो अपने पांचों बेटे के साथ साथ पांच से सात अन्य लोग भी लाठी डंडे के साथ लैस थे। हमलोगों पर सबों ने एक साथ प्रहार कर दिया। जिससे मैं और मेरे पिताजी बुरी तरह जख्मी हो गए। विजय सिंह जैसे दबंग की दबंगई सीसीटीवी फुटेज में भी कैद है। यह जमीनी विवाद रास्ते को लेकर 2007 से ही चल रहा है, जिसका केस संख्या 102 / 15 है। ऐसे वारदात से भोला मंडल और उसका पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है।भोला मंडल ने प्रशासन से साफ तौर पर गुहार लगाई है कि हमें इन मानसिक परेशानियों से छुटकारा दिलाए और दोषियों को सजा दें, जिन्होंने हमलोगों को बुरी तरह पीटा है और गाली गलौज किया है।

विस्तृत जानकारी भोला मंडल और अनुज कुमार ने दिया ।

## अज्ञात अपराधियों द्वारा युवक की गोली मारकर हत्या,मामला सुलतानगंज थाना क्षेत्र का।

**भागलपुर /सुल्तानगंज समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर सुलतानगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 पटेल नगर के रहने वाले जंगली यादव का 20 वर्षीय पुत्र सुमंत कुमार उर्फ सुमन की अज्ञात अपराधियों द्वारा सुबह लगभग तीन बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि सुबह लगभग तीन बजे घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा उन्हें दी गई उसके बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे तथा इसकी



सूचना स्थानीय थाना सुल्तानगंज को दी गई। स्थानीय थाना सुल्तानगंज दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि सुमंत कुमार उर्फ सुमन आईएससी का एग्जाम पास कर चुका था तथा एनसीसी में सी सर्टिफिकेट भी हासिल किया था, आगे बिहार पुलिस तथा आर्मी में जाने की तैयारी कर रहा था।बताते चलें कि श्रावणी मेला को लेकर पूरा सुल्तानगंज प्रशासन की छावनी बना हुआ है उसके बाद भी ऐसी घटना पूरे प्रशासन पर उंगली उठा रही है।

## बरारी थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव के रहने वाले पलंबर मिस्त्री को अपराधियों ने गोली मारकर किया घायल।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

घायल मरीज का चल रहा मायागंज अस्पताल में इलाज बरारी थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव के रहने वाले पलंबर मिस्त्री मोहम्मद गुड्डू को देर रात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने घायल को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल में भर्ती कराया है। मोहम्मद गुड्डू को अपराधियों ने पीठ में गोली मारी है। वहीं घायल ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद टहलने के लिए मायागंज की तरफ गया हुआ था। टहलकर जब वह घर वापस जा रहा था तब घर के करीब घात लगाए अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी। वही उसने बताया कि एक सप्ताह पहले घर के पास नशा करने पर कुछ युवकों से उसकी झंझट हुई थी। जिसको लेकर उन लोगों पर ही गोली मारने की बात मोहम्मद गुड्डू के द्वारा की जा रही है। वहीं घटना को लेकर बरारी पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## अपना प्यार पाने के लिए एक प्रेमिका जहर लेकर पहुंचे प्रेमी के घर, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा।

### प्रेमिका ने कहा - अगर तुम शादी नहीं करोगे तो तुम्हारे चौखट पर ही जहर खाकर दम तोड़ दूंगी।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष**

भागलपुर जिले में अपना प्यार पाने के लिए एक प्रेमिका ने जहर लेकर प्रेमी के घर पहुंच गया और अपने प्रेमी से कहने लगा तुम अगर शादी नही करोगे तो हम तुम्हारे घर के चोखट पर ही जहर खा कर दम तोड़ देंगे। जिसको लेकर घण्टों हाईवोल्टेज ड्रामा प्रेमिका अपने प्रेमी के घर पर करता रहा । मामले की सूचना पाकर मौके पर नाथनगर थाना पुलिस पहुंचकर प्रेमिका और प्रेमी को साथ मे थाना लेकर चला गया। वही दोनों प्रेमी प्रेमिका नाबालिग है। प्रेमिका ने बताई को व सुल्तानगंज का रहने वाली है और प्रेमी नाथनगर का रहने वाला है जो एक शादी में दोनों की दोस्ती हुई थी और प्यार में बदल गया जिसके बाद प्रेमिका में शादी की बात अपने प्रेमी से रखा और प्रेमी तैयार हो गए लेकिन प्रेमी के घर वाले राजी नही हुए। वही नाबालिग होने को लेकर अब कानून भी बाधा पहुंचा रही है।

## कैपिटल एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर दो महिलाओं और एक बच्चे की हुई दर्दनाक मौत।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष**

भागलपुर।नवगछिया के खरीक रेलवे स्टेशन पर कैपिटल एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर दो महिला और एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मैं रेखा देवी 50 पति बुचो घर मददपुर, धर्मशीला देवी पति साजन कुमार सिंह, गोलपारा थाना रूपोली,जिला पूर्णिया वही एक बच्चा राजवीर पिता साजन कुमार घर गोरपारा का रहने वाला था। सभी लोग सुबह घर से ट्रेन पकड़ कर खगड़िया जाने के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान ट्रेन में चढ़ने के क्रम में तीनो लोग ट्रेन की चपेट में आ गए और तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं घटना के बाद रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## विश्वविद्यालय की अराजक स्थिति के लिए राजभवन और सरकार जिम्मेदार -एबीवीपी।

**भागलपुर समाज जागरण**

राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर द्वारा स्थानीय हाडियापट्टी स्थित कार्यालय पर प्रेस वार्ता की गई जिसमे विश्वविद्यालय की समस्याओं और आंदोलन की रूप रेखा के बारे में बताया गया।

विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने कहा कि सिर्फ भागलपुर ही नही बल्कि बिहार के तमाम विश्वविद्यालय के अराजक स्थिति के लिए राजभवन और सरकार संयुक्त रूप से जिम्मेदार है।आंदोलन के संबंध में उन्होंने बताया की सेशन लेट,परीक्षा,रिजल्ट एवं छात्रों की अन्य समस्याओं को देखते हुए अभाविप ने अबतक विश्वविद्यालय बंदी जैसे कदम से परहेज किया है उसके जगह पर रचनात्मक आंदोलन किया गया हैं। विश्विद्यालय की प्रमुख 16 समस्याओं को उन्होंने मीडिया के सामने रखा जिसमे कुलपति की अनुपस्थिति,राज्य सरकार और कोर्ट के आदेश के बावजूद नामांकन में छात्राओं से लिए जा रहे शुल्क,दीक्षांत समारोह के नाम पर लिए गए शुल्क,ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया में गड़बड़ी,विश्वविद्यालय में संसाधनों की कमी,होस्टल की जर्जर व्यवस्था आदि प्रमुख रूप से थे।

विश्वविद्यालय संयोजक ने बताया की आंदोलन की रूप रेखा तैयार कर ली गई है विभिन्न कैंपस में जल्द आंदोलन होगा।

प्रेस वार्ता में जिला संयोजक हैप्पी आनंद,नगर मंत्री कपिस शर्मा मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी का अजगैबीनाथ धाम मे हुआ आगमन।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर सुलतानगंज मे भारतीय जनता पार्टी ,सुलतानगंज नगर मंडल में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अजय सेहरावत जी का पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम के निमित्त को लेकर हुआ आगमन ।वहीं,नई दुर्गा स्थान के प्रांगण में उनके द्वारा ,रमन कुमार झा ,दीपक कुमार साह, विंध्यवासिनी देवी ,चंपा देवी, निरंजन कुमार , लक्ष्मीकांत निराला जी को भारतीय जनता पार्टी के नए सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण करवाया गया । इसके बाद प्रभारी मतदाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे भाजपा सरकार के राष्ट्रीय कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया , इसके बाद नई दुर्गा स्थान के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया ,इसके पूर्व नमामि गंगे घाट एवं अजगैबीनाथ का मंदिर पर पूजा एवं निरीक्षण किए उसके बाद उत्तरी ग्रामीण मंडल में विपिन रजक के आवास पर भोजन एवं कुमार मंगलम के आवास पर बूथ स्तरीय बैठक कुंदन मंडल की अध्यक्षता में गण बनिया बूथ नंबर 4 पर किया ।

सुल्तानगंज नगर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के दुर्गा स्थान में नगर मंडल कार्यक्रम प्रभारी संजय चौधरी एवं सदस्यता अभियान नगर महामंत्री शैलेश कुमार के नेतृत्व में किया गया।

अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नवीन कुमार बन्नी।

धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुमार चौधरी ।

गरिमामई उपस्थिति ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी अनूप लाल साह, भाजपा जिला प्रवक्ता कुमार श्रवण, महिला मोर्चा के जिला महामंत्री डॉ अलका चौधरी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष चंदन कुमार, नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार चौधरी, बूथ अध्यक्ष घनश्याम चौधरी, किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष दयानंद मोदी ,अमर भारती, धर्मवीर मंडल , अन्नु तांती,रंजीत यादव ,सत्यजीत कुमार के अलावा अनेक प्रभावी मतदाता उपस्थित थे ।

## मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मुहर्रम पर्व को लेकर वारिसलीगंज थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने दी है। बताया गया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य यह बैठक आयोजित की गई है। बैठक में क्षेत्र के सभी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं के साथ सभी लाइसेंसधारी ताजिया निमार्ता व डीजे कारोवार से जुड़े लोगो को आमंत्रित किया गया है। बैठक दिन के दो बजे से आयोजित की जायेगी।

## बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज बाजार के कृष्णापुरी मुहल्ला से हुई बाइक चोरी की प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज कराई गई है। पीड़ित कुणाल कुमार झा के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। बताया गया कि पिछले 24 जुलाई को घर के आगे वाईक लगा दिया था जिसे चोर चुरा लिया।

## मारपीट की प्राथमिकी दर्जे

**दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में पिछले 18 जुलाई को हुए मारपीट की घटना से संबंधित प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में गांव के रामविलास महतो, करुणा देवी, ज्योति कुमारी तथा कुसुम कुमारी को आरोपित किया गया है।

## पुलिस छापेमारी में 14 लीटर देशी शराब जब्त, प्राथमिकी दर्ज


**दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने गुरुवार को मोहिउद्दीनपुर मे छापेमारी कर एक पैइन मे छुपा कर रखा गया 14 लीटर देशी शराब जब्त कर थाना लाया गया। पुलिस ने बताया की गम्भीरपुर से पांच सौ गज दूर एक सरकारी पैइन मे गेलेन मे रखा शराब को जब्त किया गया। जांच के क्रम मे शराब कारोवारी की पहचान की गई। बाद मे प्राथमिकी दर्ज कर मोहिउद्दीनपुर ग्रामीण सचिन चौधरी को आरोपित किया गया है।

## बीएनएमयू के चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारी अंतिम चरण में

**समाज जागरण मधेपुरा ।**

आगामी 3 अगस्त को आयोजित हो रहे बीएनएमयू के चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शुक्रवार को दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु एक आवश्यक बैठक सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



बैठक में बताया गया कि परिसर की साफ-सफाई लगभग पूरी हो चुकी है। भव्य पंडाल बन रहा है और दीक्षा स्थल पर मधुबनी पेंटिंग लगाई जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि 31 जुलाई एवं 1 अगस्त को विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में सामग्रियां वितरित की जाएंगी। विद्यार्थियों को अंगवस्त्रम्, मालवीय पगड़ी, आमंत्रण पत्र, इंट्री पास, गाड़ी पास एवं लंच कुपन मिलेगा।

डॉ. सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को सामग्रियों की प्राप्ति के समय विद्यार्थियों को अपना रसीद और पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि को निश्चित रूप से सभी सामग्रियां प्राप्त कर लें, ताकि उन्हें कोई दिक्कतें नहीं हो।

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण ने संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया है कि सभी अपेक्षित लोगों तक ससमय आमंत्रण पत्र उपलब्ध कराया जाए और किसी भी विद्यार्थी को सामग्रियां प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं हो।

इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. पवन कुमार, कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका, निदेशक अकादमिक डॉ. एम. आई. रहमान, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर, अकादमिक शाखा के बिमल किशोर बिमल, शोएब अख्तर, लक्ष्मी मिश्र, नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## जहानाबाद 30 और 31जुलाई को इन इलाकों मे कटी रहेगी बिजली जानिए पूरा डिटेल।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार**

जहानाबाद 33 केवी लाईन जहानाबाद में रिकन्डक्टिंग कार्य को लेकर काको रोड जहानाबाद स्थित पीएसएस से निकलने वाली 1, 2, 4, काको, सिकरिया आदि फीडर की लाइन दिनांक 30.07.22 (शनिवार ) को रात्रि 9 बजे से सुबह 7 बजे तक पूर्णतः बंद रहेगी।




साथ ही साथ 31.07.22 (रविवार ) को पीएसएस काको, भदसारा, चरुई एवं पखनपुरा से निकलने वाली सभी फीडर की विधुत आपूर्ति सुबह 3 बजे से 6 बजे तक विधुत आपूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

इस आशय की जानकारी विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने दी है। उन्होंने उपभोक्ताओं से उक्त अवधि से पूर्व जरूरी काम को निपटा कर पानी का संग्रह कर लेने की अपील की है।

## सावन के तीसरे सोमवारी को लेकर सुलतानगंज रेलवे स्टेशन मे कांवरियों कि उमडी भीड़।

## आरपीएफ एंव जीआरपीएफ के अधिकारीयों द्वारा स्टेशन परिसर मे सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

भागलपुर समाज जागरण /प्रमंडलीय व्यूरो राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी । भागलपुर सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम मे सावन के तीसरे सोमवारी को लेकर सुलतानगंज रेलवे स्टेशन में कांवडियों कि भीड उमड पडी



हैं ।इसको लेकर आरपीएफ व जीआरपीएफ द्वारा स्टेशन परिसर मे सुरक्षा व्यवस्था कडी करते हुये कांवडियों को माईकिंग के जरिए जागरूक कर रहे हैं ।जिससे कांवडिया सुरक्षित अपनी यात्रा कर सके ।वहीं आरपीएफ इन्चार्ज रवि कुमार ने बताया कि कांवडियों कि सुरक्षा को लेकर सभी पुलिस बल एंव महिला पुलिस बल के द्वारा मोनिटरिंग कि जा रही हैं ।स्टेशन मे तीन सहायक थाना बनाएं गये ।कांवडियों को कोई परेशानी हो इसकी सुचना तुरंत दे ताकि उसका निदान हो सके ।साथ ही स्वास्थ्य मेडिकल जांच शिविर, शौचालय ,विश्राम सेड,कांवर कि दुकान भी लगाए गये हैं ।कांवडियों को स्टेशन परिसर में समुचित व्यवस्था दि जा रही हैं ।कांवडियों को किसी प्रकार कि कोई परेशानी नहीं हैं ।साथ ही बाहर से आनेवाले बलिया जिला के कांवडिट्टा नितु गुप्ता एंव शिव जी गुप्ता ने बताया कि स्टेशन परिसर मे हम लोगों को समुचित व्यवस्था मिल रही हैं ।इसके लिए बिहार सरकार एंव केन्द्र सरकार सहित रेलवे के अधिकारीयों को धन्यवाद दिये हैं ।और कहा कि ऐसा हि व्यवस्था होनी चाहिए ।इस दौरान हजारों कांवडिया सहित रेलवे के आरपीएफ एंव जीआरपीएफ के कई अधिकारी मौजुद थे।

## छोटू के घर पहुंचे पत्रकार तो नहीं मिलनें दिया आरती से छोटू के घर वालों ने,,,,

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता इफ्तेखार आलम**

अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड का मामला बताया जाता है हालांकि जिला ही नहीं पूरे बिहार में सोशल मीडिया पर धमाल मचा रखा है आरती और छोटू का प्यार अनेकों जगह से पत्रकार पहुंचे जब छोटू के घर तो छोटू के घर वालों ने पत्रकारों को आरती से नहीं मिलने दिया हालांकि उनके घर वालों ने अनेकों प्रकार के बहाना बनाते रहे पर पत्रकारों ने छोटू के घर वाले से गुहार लगाते



रहे यहां तक भी कहा गया आरती से बातें नहीं करना हमें सिर्फ एक बार उनका चेहरा देखने को मिल जाए आरती स्वस्थ है या नहीं लेकिन पत्रकार को किसी की परमिशन की जरूरत नहीं पड़ता है लेकिन वहां पर आरती से मिलने के लिए छोटू के घरवालों से कई बार परमिशन मांगा गया पर फोटो के भाई ने अभद्र भाषा में पत्रकारों से बात किए एवं उन्हें गाली गलौज देकर उनके दरवाजे पर से भागने को कहा गया जबकि मधुबनी भागलपुर सीतामढ़ी एवं अररिया से कई पत्रकार पहुंचे थे पत्रकारों ने छोटू के परिवार वालों पर आरोप लगाते हुए कहा की आरती के मतलब के जो भी पत्रकार हैं उन्हें रात के 9:00 बजे भी आरती से मिलने दिया जाता है और उनके मन मुताबिक न्यूज लिया जाता है शायद हम लोग उस पत्रकार में से नहीं है इसी कारण हमें आरती से मिलने नहीं दिया जा रहा

## सड़क पर जल जमाव के कारण लोग परेशान।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता दीपक कुमार।**

जिले के प्रतापगंज गुरुवार की मध्यरात्रि से लगातार वर्षा से किसानों को जहां काफी फायदा हुआ ,वही रोड पर जलजमाव के कारण छात्र-छात्राओं ,शिक्षक- शिक्षिकाओं तथा आने जाने वाली राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय से लगभग 200 मीटर पूरब और सुमरित कन्या मध्य विद्यालय एवं एस भी के बालिका प्लस टू विद्यालय के बगल से



गुजरने वाली प्रतापगंज छातापुर वाली मार्ग पर पेट्रोल पंप के बगल वाले मोड़ पर घुटने से ऊपर पानी का जमाव है। उस रास्ते से दोनों गर्ल्स स्कूल में पढने वाली हजारों लड़कियां एवं शिक्षक शिक्षिकाएं ,रोगी को लेकर एंबुलेंस तथा निजी गाड़ी जाती आती है। उस रास्ते पर जलजमाव के कारण सभी को काफी परेशानी होती है। इस बाबत जब प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा विभाग से बात करके अभिलंब हम व्यवस्था करते हैं। जिला परिषद सदस्य निधि नयन को जब जानकारी दी गई तो उन्होंने बोली मैं बाहर हूं आने पर इस समस्या का समाधान हो जाएगा। प्रखंड प्रमुख डेजी रानी से जब स्थिति से अवगत कराया गया तो उन्होंने अविलंब इसे दूर करने की बात की। उन्होंने बोली प्रतापगंज छातापुर मार्ग में कई जगह रोड छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं, रैन कट लगा हुआ हैजिसका मरम्मती कार्य गुरुवार से ही मेरे दुआरा पहल करने पर चल रहा है। जहां तक जलजमाव की बात है उस समस्या का भी निदान कल तक हो जाएगा।

## स्थानीय पी0 डी0 इण्टर कालेज मे आदर्श संस्कृत शिक्षक समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण सिकन्दरपुर (बलिया)।**

स्थानीय पी० डी० इण्टर कालेज परिसर मे आदर्श संस्कृत शिक्षक समिति लखनऊ के जिला बलिया इकाई अध्यक्ष बृज द्विवेदी द्वारा शुक्रवार दिनांक 29 जुलाई को एक संगठन की बैठक आहूत की गई, जिसमें संस्कृत विद्यालयों से संबंधित विभिन्न समस्यायों पर चर्चा करते हुए दिनांक 5 अगस्त



2022 को लखनऊ में संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए सभी शिक्षकों से अपील की गई। सभी शिक्षकों से यह अनुरोध किया गया कि वो अधिक से अधिक संख्या में चलकर शिक्षकों की समस्याओं को शासन स्तर पर रखा जाए एवं विभिन्न विद्यालयों को अनुदान सूची पर लिया जाए। उक्त बैठक में डॉ० उमेश चन्द, अशोक कुमार मिश्र, रामजी राय, बलराम प्रसाद गुप्ता, बसंत दीक्षित, उपेंद्र देव सिंह, शिवानंद यादव, मदन गुप्ता, मोहन वर्मा, दयानंद व राहुल गुप्ता समेत सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहें।

## शुक्रवार को सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के जमुई गांव निवासी सुरेश पाल 75 पुत्र स्व राम राज, ने अपनें

**दैनिक समाज जागरण सिकन्दरपुर,बलिया:**

शुक्रवार को सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के जमुई गांव निवासी सुरेश पाल 75 पुत्र स्व राम राज, ने अपने पट्टीदार चन्द्रशेखर पाल पुत्र ओमप्रकाश,ओमप्रकाश पुत्र स्व बैजनाथ, द्वारा गांव स्थित खेत की डाँड़ काटने का, विरोध किया गया जिस पर दोनों पिता-पुत्र ने, सुरेश पाल पर लाठी एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उन्हें घायल अवस्था में सिकंदरपुर थाने पर लाया गया।जहां से इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिकंदरपुर भेजा गया।वही सीएचसी सिकंदरपुर में चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गम्भीरवस्था को देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।सूचना पाकर पहुंचे एसएचओ सिकंदरपुर पंकज कुमार सिंह आरोपी को पकड़ कर थाने ले आए।

## थाने के हाजत में युवक ने किया खुदखुशी

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के दलसिंहसराय थाने के हाजत में एक युवक ने बीती रात गुरुवार को फंदा लगाकर खुदखुशी कर लिया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हकीमाबाद खराज निवासी मो.असफाक का पुत्र मो.गुलाब के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक मो.गुलाब की शादी चार वर्ष पूर्व दलसिंहसराय में हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। जो न्यायालय तक जा पहुंची थी। इसी बीच गुरूवार को मो.गुलाब अपने ससुराल






## बदमाशों ने की युवक की चाकू मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण**
**मसौढी से नीरज कुमार**

धनरुआ थाना क्षेत्र के किस्तिपुर गांव में 22 वर्षीय एक युवक को घर से बुलाकर तीन बदमाशों के द्वारा चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दिए जाने का एक मामला सामने आया है। मृतक युवक शिवम कुमार स्थानीय गांव निवासी उमेश प्रसाद का पुत्र है। उसकी मौत इलाज के दौरान पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के एक निजी नर्सिंग होम में गुरुवार की सुबह हो गयी। इस संबंध में मृतक के पिता ने अपने ही गांव के तीन युवकों गणेश प्रसाद के पुत्र सितलाल कुमार, केदार प्रसाद के पुत्र किशोर कुमार व सिद्धनाथ प्रसाद के पुत्र मलिया के विरुद्ध पत्रकार नगर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई



है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। घटना 22 जुलाई की शाम की है। मृतक के पिता का आरोप है कि घटना की शाम उक्त तीनों आरोपी उसके पुत्र को बहला फुसलाकर घर से बुलाया और चाकू मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका था। इस बाबत धनरुआ के थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी। इस संबंध में पत्रकार नगर थाना में मृतक के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

## मोबाइल नेटवर्क से परेसान हैं कुमरगंज- सोहागपुर के सीमा पर बसे उपभोक्ता।

**दैनिक समाज जागरण/**
**संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

सुपौल जिले के किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित कुमरगंज एवं सोहागपुर के सीमा पर बसे मोबाइल उपभोक्ता खराब नेटवर्क से परेसान हो रहे हैं। कुमरगंज एवं सोहागपुर गांव के सीमा पर बसे लोग इन दिनों मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने से हो रहे परेसानी को झेलने से नाराजगी व्यक्त किया है। यहां के मोबाइल उपभोक्ता सोनू, मनोज, धीरेंद्र कुमार लाल, देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य ने बताया कि यहां पर किसी भी कम्पनी का नेटवर्क ठीक से काम नही करने का चलते नेटवर्क के तलाश में इधर उधर भटकना पड़ता है। खासकर जिओ नेटवर्क का सबसे बुरा हाल है। जबकि यहां जिओ नेटवर्क का सबसे अधिक उपभोक्ता है। जिससे हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना परता है। जबकि आज के तारीख में हर घर में किसी न किसी कम्पनी का सिम का उपभोक्ता अपने सुविधा के लिए उपयोग कर रहे हैं। वावजूद यहां के उपभोक्ताओं को नेटवर्क ठीक ठाक नहीं रहने से नेटवर्क ढूंढने के लिए इधर उधर झांकना पर रहा है। बताया कि यहां जिओ, एयरटेल, वोडा का हम लोग सिम का यूज करते हैं। लेकिन यहां पर किसी का भी नेट बढियां से काम नहीं कर रहा है। यदि हम लोगों के इस परेसानी को कम्पनी वाले दूर नहीं करते हैं तो मजबूरन सिम को बंद करवाना परेगा। इसलिए यहां बढियां से नेटवर्क काम करे। ऐसा व्यवस्था मोबाइल कम्पनी द्वारा करवाया जाय।

## बिहार विधानसभा के विरासत विकास समिति के सभापति भाई विरेन्द्र निरीक्षण को पहुंचे वीर कुंवर सिंह किला परिसर

### गंदगी देखकर बिफरे, कहा - वीर कुंवर सिंह की विरासत का सही ढंग से नहीं हो रहा रखरखाव केंद्र सरकार ने 23 अप्रैल विजयोत्सव दिवस को अपने वोट बैंक के लिए किया इस्तेमाल

**दैनिक समाज जागरण**
**(जगदीशपुर से नीतीश भारद्वाज)**

बिहार विधानसभा विरासत विकास समिति के सभापति भाई विरेन्द्र अपने टीम के साथ वीर कुंवर सिंह किला परिसर निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक श्री राम विष्णु सिंह लोहिया, डुमरांव विधायक व माले युवा नेता अजित कुशवाहा,राजद के जिला अध्यक्ष भी शामिल थे। विरासत विकास समिति के सभापति ने घुम घुमकर किला परिसर व वीर कुंवर सिंह संग्रहालय का निरीक्षण किया। इस दौरान वे किला परिसर में गंदगी देख बिफर पड़े और वहां मौजूद नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार, जेई रोशन कुमार पांडे व अनुमंडल अधिकारी सीमा कुमारी के साथ इस किला परिसर की साफ सफाई व रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर अंचलाधिकारी कुमार कुंदन लाल भी मौके पर मौजूद रहे। वहीं सभापति ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि



वीर कुंवर सिंह किला परिसर का निरीक्षण करने हमारे साथ एक कमीटी आई हुई है और मैं उस कमीटी का सभापति हूं। हम लोगों ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। यह वीर कुंवर सिंह की धरोहर पूरे देश ही नहीं पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और दूर दूर से लोग इसे देखने यहां आते हैं।इसके विकास के लिए करोड़ों रुपए आए पर विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ केवल रिमाडलिंग हुई है और तो और यहां विजयोत्सव दिवस पर केंद्र की पूरी टीम आई थी साथ ही दूसरे जगहों के लोगों को यहां लाया गया था वो सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की राजनीति के सिवा कुछ और नहीं था यहां के लोगों ने शामिल न होकर सिरे से नकार दिया। इस दौरान राजद प्रखंड अध्यक्ष भोला खां, नगर पंचायत कर्मी चीकू जी, आइसा युवा नेता व माले नेता शाहनवाज खान, कमलेश यादव, समाजसेवी सह अधिवक्ता वृंदानंद सिंह , निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, पूर्व वार्ड पार्षद भूटी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**
**समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर- समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के जूलॉजी विभाग में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाघों के संरक्षण को लेकर आज के दिन सेमिनार का आयोजन किया जाता हैं। इस के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को बाघों के देख देख और सुरक्षा बारे में जानकारी दी जाती है और उनके संरक्षण के लिए जागरूक किया जाता है। जो संगठन बाघों की रक्षा के लिए कार्य करते हैं,उनका प्रोत्साहन करने के साथ दान दिया जाता है।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के प्राचार्य डॉ. सत्यन कुमार ने बताया कि बाघों के संरक्षण को लेकर आज के दिन सेमिनार का आयोजन होता है। 29 जुलाई को हर साल विश्व के कई देशों में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस बाघों के संरक्षण और उनकी विलुप्त होती प्रजातियों को बचाने के उद्देश्य से मनाते हैं। इस मौके पर लोगों को बाघ के प्रजातियों के खत्म होते अस्तित्व के प्रति



जागरूक करते हैं। दरअसल,वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड की रिपोर्ट के मुताबिक,बीते 150 सालों में बाघों की संख्या में लगभग 95 फीसदी तक गिरावट दर्ज की गई है। बाघ दिवस मनाने का फैसला करते हुए देशों ने बाघों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। कई देश इस लक्ष्य को पूरा करने के दिशा में प्रयास कर रहे हैं। हालांकि भारत ने साल 2018 में ही बाघों की प्रजातियों को दोगुना करने के अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया है। साल 2018 में भारत में बाघों की संख्या 2900 से ज्यादा थी। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस को मनाने की शुरूआत साल 2010 से हुई थी। रूस के पीटर्सबर्ग में एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें 29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाने का फैसला लिया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय समिट में 13 देशों ने हिस्सा लिया था। बाघों की विलुप्त होती प्रजातियों पर चिंता जताते हुए बाघों की संख्या 2022 तक दोगुनी करने का लक्ष्य बना लिया। पिछले साल बाघ दिवस की थीम "Their survival is in our hands." थी। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस 2022 की थीम "India launches Project Tiger to revive the tiger population" है यानी बाघों की आबादी को पुनर्जीवित करने के लिए भारत ने प्रोजेक्ट टाइगर लॉन्च किया है।मौके पर प्रो० एन तिवारी,प्रो०सर्वेश बनर्जी,प्रो०जितेंद्र प्रसाद, अभय सर,अतनु बनर्जी, मुकुंद,हेमा,पूजा, पल्लवी,जेलसी आदि छात्र-छात्राएं मौजुद थे।

## बांका पुलिस लगातार कामयाबी की ओर, फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र से चार नक्सली के साथ विस्फोटक पदार्थ बरामद

**दैनिक समाज जागरण**
**बांका कटोरिया श्रीकान्त यादव**

बांका जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवईजोर गांव से पुलिस टीम ने छापेमारी कर नक्सली संगठन के पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के चार नक्सलियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सत्य प्रकाश के निर्देश पर बेलहर एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों के अलावा एसएसबी की संयुक्त में छापेमारी कर चार नक्सली को गिरफ्तार किया गया है साथ ही नक्सलियों के घर से 5 पीस डेटोनेटर, 5 पीस जिलेटिन पावर रॉड, 5 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, 5 किलोग्राम के करीब ब्राउन कलर का विस्फोटक पदार्थ, साथ ही 4. पीस चितकबरा रंग का ट्राउजर बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी नक्सली संजय मरांडी पिता सोना मरांडी, मिथिलेश मरांडी पिता रामचंद्र मरांडी, मुनेश्वर मरांडी पिता रामचंद्र मरांडी के रूप पहचान की गई है जो सभी सेबईजोर गांव निवासी है। ज्ञात



हो कि 26 जुलाई को ग्राम सेबईजोर गांव स्थित सरकारी स्कूल में पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के लेटर पैड पर सभी शिक्षक से प्रत्येक माह 1 हजार रुपया संगठन विस्तार के लिए संगठन कोष में जमा करने हेतु धमकी भरा पत्र नक्सलियों द्वारा स्कूलों में चिपकाया गया था। जिसकी सत्यापन करते अधिसूचना संग्रह कर बांका पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सत्य प्रकाश के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी बेलहर सह अभियान पदाधिकारी व बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह एवं फुल्लीडुमर थाना अध्यक्ष विनोद कुमार के अलावा बेलहर, खेसर थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार राय व एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट आशुतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट कमांडेंट अंजन सरकार के अलावा भारी संख्या में एसएसबी के जवान आधुनिक हथियारों से लैस टीम गठित कर सघन छापेमारी अभियान चलाकर बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। इसके पूर्व भी बांका पुलिस व बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह के नेतृत्व में कई नक्सली ठिकानों से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ के अलावा पिस्तौल बंदूक बरामद कर चुकी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सत्य प्रकाश ने बताया कि पीएलएफआई का मुख्य आधार झारखंड लातेहार में हुआ करता था लेकिन इस संगठन का बांका जिला में यह पहला मामला है। जिसे लेकर गिरफ्तार नक्सलियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

## भारतीय जनता पाटी के द्वारा पटना राष्ट्रीय कार्यकारिणी का बैठक 30 एवं 31 जुलाई को होने जा रहा है।

**दैनिक समाज जागरण**
**मसौढी से नीरज कुमार**

शुक्रवार को पुनपन प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत के खपुरा गांव में भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के सांसद सह अनुसूचित जाति के महामंत्री डॉ भोला सिंह को फूल- माला से भव्य स्वागत किया गया। जानकारी के मुताबिक आने का उद्देश्य है कि, राष्ट्रीय कार्यकारिणी का 30 एवं 31 जुलाई को पटना में बैठक है। उसी को लेकर पुनपुन के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। और जो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं को हर गरीब तक पहुंचने में कठिनाइयों तो नहीं हो रहा है। उसी को लेकर हमलोग बिहार के हर विधानसभा में जाकर संपर्क कर रहे हैं। और प्रधानमंत्री के हर योजनाओं का सीधे गरीब कल्याण असहाय जरूरतमंदों को बीच पहुंचाना है। और स्थानीय सांसद रामकृपाल यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश बुंदेल शहर के सांसद एवं अनुसूचित जाति के



महामंत्री डॉ भोला सिंह ने 2 दिनों का प्रवास पर बिहार में आए हैं। और लगभग दो सौ से अधिक विधानसभा में जाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं का जायजा लेंगे एवं योजनाओं को बताने का काम करेंगे। और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों से बैठक कर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम के बारे में लाभार्थियों एवं ग्रामीणों के बीच इस योजनाओं को फायदे के बारे में बताया गया और इस कार्यक्रम में लगभग एक सौ लाभार्थी एवं ढाई सौ ग्रामीणों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन अशोक सिंह के द्वारा किया गया मौके पर उपस्थित पुनपन प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत के मुखिया अजय कुमार,सोनू कुमार, हरेंद्र सिंह,राजू कुमार, राज कुमार, ममता देवी, शकुंतला देवी, अमित कुमार,अमर कुमार सिंह, पप्पू कुमार, वासुदेव कुमार, जितेंद्र पासवान, सुबोध कुमार,सिन्टू कुमार,नीरज कुमार,पवन कुमार एवं पार्टी के कार्यकताओं सह ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## जिला परिषद फंड के 15 वीं वित आयोग से बने देवीपुर प्रखंड

**दैनिक समाज जागरण**
**देवीपुर देवघर अरविन्द यादव**

जिला परिषद फंड के 15 वीं वित आयोग से बने देवीपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार के निकट डाक बंगला परिसर में बने लगभग 47 लाख 50 हजार की लागत पर मार्केट काम्प्लेक्स निर्माण कार्य का उद्घाटन देवघर जिला परिषद के अध्यक्ष किरण कुमारी, जिप सदस्य रिंकी देवी, लक्ष्मी देवी, उपविकास आयुक्त डा0 कुमार ताराचन्द व जिला कार्यपालक अभियन्ता जितेन्द्र पासवान ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया। बता दें कि इस मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण होने से लोग अपना रोजगार चलाने के लिये अब दुकान लेकर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर सकते हैं। साथ ही वहीं निमार्णाधीन सर्किट हाऊस



का निरीक्षण किया। एवं उसी परिसर स्थित एक सरकारी भवन का निरीक्षण किया। एवं जिला परिषद के अध्यक्ष व उपविकास आयुक्त साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि नीलम यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज राय, मुकेश यादव, जिला परिषद के कनीय अभियन्ता दीपक यादव के आलावे देवघर विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार, दीपक कुमार विवेक कुमार राय, रवि कुमार, सुभाष कुमार, राजेश मंडल, सत्यवान कुमार, हरेकृष्ण बरनवाल, रतन कुमार, सौरभ कुमार, रौनक कुमार, नीरज कुमार, संजीव कुमार शिवशंकर यादव, सीताराम यादव, सिन्टु कुमार आदि दर्जनों ग्रामीण व स्थायी दुकानदार मौजूद थें।

## दिघवारा-शेरपुर सिक्स लेन पुल के निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की खबर से लोगों में खुशी का माहौल

**दैनिक समाज जागरण**

दिघवारा (सारण)। शेरपुर-दिघवारा सिक्सलेन पुल के निर्माण को लेकर टेंडर प्रकिया शुरू होने की खबर से स्थानीय लोगो मे खुशी का माहौल है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह छपरा सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी के अथक प्रयास के बदौलत बहुत जल्द उक्त पुल के निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। पुल के निविदा प्रक्रिया आरम्भ होने की सूचना मिलने के बाद छपरा जाने के क्रम में पहली बार दिघवारा पहुँचने पर सांसद प्रतिनिधि व बीजेपी के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य निरंजन शर्मा का स्थानीय लोगो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता युगल किशोर,तनुज सौरभ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के अलावें स्थानीय लोगो ने गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ फूल माला पहनाकर कर पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह तथा निरंजन शर्मा का स्वागत करते हुए सांसद रूढ़ी के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर श्री रूढ़ी ने स्थानीय कार्यकताओं से मोबाईल पर बात भी किया,जिसमे श्री रूढ़ी ने पिछले पांच वर्षों से लगातार इस पुल के निर्माण को लेकर अपने संघर्षों और प्रयासों से आम लोगो को अवगत कराया। वहीं स्थानीय लोगो ने इस ऐतिहासिक कार्य के लिए सांसद रूढ़ी को



साधुवाद प्रेषित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने कहा कि श्री रूढ़ी निरंतर अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने वाले सांसद हैं और इस पुल के निर्माण को स्वीकृति दिलवाकर उन्होंने सारण जिले को सूबे के राजधानी के करीब लाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

बता दें कि कुछ वर्ष पूर्व भाजपा कार्यकताओं द्वारा सांसद रूडी से दिघवारा पटना के बीच सड़क पुल बनवाने हेतु अनुरोध किया था जिसके बाद सांसद रूडी ने भी इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने का संकल्प लिया था। जो आज धरातल पर उतरता हुआ नजर आ रहा है।पुल निर्माण को लेकर स्थानीय व्यवसाई खासे उत्साहित हैं। उनलोगों ने भी सांसद रूडी को कोटि कोटि धन्यवाद दिया है। इस पुल के बन जाने से सारण के चार प्रखण्ड दिघवारा, दरियापुर, परसा तथा गरखा सीधे तौर पर राजधानी पटना से जुड़ जाएंगे। वहीं दिघवारा तथा उसके आसपास के क्षेत्रों को ग्रेटर पटना के रूप में विकसित होने का सपना साकार हो जाएगा।

मौके पर पूर्व मुखिया हरि सहनी, भाजयुमो नगर अध्यक्ष अजित पासवान, पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह, भाजपा नेत्री रुपाली सिंह, बीजेपी महामंत्री दीपक गुप्ता, सरपंच मंटू बाबा, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष मंटू शर्मा, पंकज बिहारी, उपेन्द्र राय, बलराम प्रसाद, मोनू कुमार,सुमन्त बाबा,लोमर खलीफा, रत्नेश सिन्हा, अमरेन्द्र चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## देवघर दुमका सड़क पर बस चालक ओवरलोड करके यात्री की जान खतरे में

### यात्रियों की सुरक्षा दांव पर लगाकर बस संचालक धड़ल्ले से ओवरलोड होकर दौड़ रहे ताबड़तोड़ वाहनों की चेकिंग हुई लेकिन इसका असर बस पर नहीं

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता/ अनिल कुमार**

मोहनपुरः श्रावणी मेले में आए श्रद्धालुओं के साथ कहीं न कहीं खिलवाड़ किया जा रहा है ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि यात्री की सुरक्षा को दांव पर लगाकर बस संचालक देवघर दुमका सड़क पर ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लगा पा रही है। बस संचालक मनमानी कर बसों में क्षमता से दोगुना तक सवार बैठा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि लगातार जांच और कार्रवाई का दावा करने वाले परिवहन विभाग की नजर बस की ओवरलोडिंग पर पड़ ही नहीं रही है। ऐसे में यात्रियों की जान संकट में है। बस में जरूरत से



ज्यादा सवारियां भरी जा रही है। प्रशासन की कार्रवाई के बाद भी बस संचालकों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। सरकार की इतनी शक्ति के बाद भी बसों में क्षमता से अधिक सवारी भरकर ले जाना हादसे के कारण बन सकता है। बस संचालकों को अपने ऊपर कार्रवाई का डर नहीं है। वही ऐसे भीड़ में यात्रियों से मनमाना किराया तक वसूला जा रहा है। हैरत की बात यह है कि आतरी खड़े होकर ड्राइवर के केबिन में बैठकर सफर करने के मजबूर थे। जिले में भी ताबड़तोड़ वाहनों की चेकिंग हुई लेकिन इसका असर बस पर नहीं दिख रहा है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल द्वि दिवसीय नवाचार शिक्षक कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता /अनिल कुमार**

देवघरः गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को द्वि दिवसीय नवाचारी कौशल कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित इस बीच कार्यक्रम संथाल परगना झारखंड जोन एच के तत्वाधान में कालेज मैनेजिंग कमेटी के निदेर्शानुसार किया गया। इसमें जोन के 10 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में करीबन 150, विषय समन्वयक के रुप में 25, पर्यवेक्षक के रूप में 10 तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में 10 सदस्यों ने भाग लियो इस कार्यक्रम में अपने कौशल प्रदर्शन एवं ज्ञानवर्धन के लिए प्रतिभागियों के रूप में तकरीबन 550 शिक्षकों ने शिरकत की` अपने स्वागत भाषण में डीएवी स्कूल भंडारकोला के प्राचार्य सह संकुल क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधान डॉ विजय कुमार ने कहा कि शिक्षकों के ज्ञान एवं संवर्धन कौशल को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसका मूल उद्देश्य शिक्षा कौशल संवर्धन के तहत बच्चों के ज्ञान को संवर्धित करना एवं नए तकनीक का प्रयोग कर बच्चों के गुणात्मक शिक्षण को आगे बढ़ाना है` उन्होंने कहा कि इसरो के अध्यक्ष कस्तूरी रंगन ने नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव की प्रक्रिया को शामिल किया तदनुसार बच्चों को नई शिक्षा नीति के तौर पर अध्यापन कराने की प्रक्रिया पर शिक्षकों को जोड़ देना चाहिए ।उन्होंने आगे बताया कि इस तरह की कार्यशाला सभी सीबीएसई के स्कूलों में करवाई जा रही है ,उसी के तहत जी डी डीएवी सातर में भी इस तरह की कार्यशाला वर्ष में दो बार आयोजित होती है। इस अवसर पर झारखंड जोन एच के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह ट्रेनिंग को ऑर्डिनेटर डॉ प्रवीर हाजरा, ऊर्जानगर गोड्डा के प्रिंसिपल ए के पांडे , डीएवी एस पी माइंस चित्रा के प्रिंसिपल ए के सिंह , डीएवी सीसीएल गिरिडीह के प्रिंसिपल बी ए कुमार ,डीएवीबमहेशपुर के प्रिंसिपल एस एन सिंह ,डीएवी टोपा के प्रिंसिपल ए के प्रखर ,डीएवी कास्टर टाउन के प्रिंसिपल के के सिंह ,एस डीएवी जामताड़ा प्रिंसिपल बीके झा और डीएवी गोकुलपुर ,पाकुड़ के प्रभारी प्राचार्य के के मंडल मौजूद थे।